www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 227 ■ जबलपुर रविवार 08 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# लोगों से किए वादे भूल गए प्रधानमंत्री

## कांग्रेस ने भाजपा पर गोवा को बर्बाद करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार और गोवा सरकार पर क्षेत्र के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज करके बड़े पैमाने पर तबाही को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि वह गोवा की पहचान को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, गोवा कांग्रेस के प्रभारी महासचिव माणिकराव ठाकरे ने कहा, गोवा पूरे देश में एक खास टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर जाना जाता है। गोवा की प्रकृति और संस्कृति की रक्षा करना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। इस मौके पर गोवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पाटकर और साउथ गोवा सीट से लोकसभा सांसद विरियाटो फर्नांडीस भी मौजूद थे। माणिकराव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्र और गोवा दोनों जगह सत्ता में है, लेकिन इसके बावजूद राज्य के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए ठाकरे ने कहा, 2014 में नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए गोवा आए थे। तब उन्होंने कहा था मुझे यहां अच्छे लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला था, और



एक बार भाजपा की सरकार बन जाने पर, हम गोवा को बचाने के लिए कदम उठाएंगे। वह गोवा के लोगों से किए वादे भूल गए हैं, और पिछले 12 वर्षों से भाजपा सरकार ने गोवा के लिए कुछ नहीं किया है। सांसद फर्नांडीस ने गोवा के लिए विशेष दर्ज की मांग करते हुए संसद में उनके द्वारा पेश किए गए प्राइवेट मेंबर बिल का जिक्र किया और कहा, हमने एक संविधान संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह विधेयक पारंपरिक समुदायों, मछुआरों, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, ओबीसी के साथ-साथ गोवा की भाषा, त्योहारों, लोक कलाओं, संस्कृति और विरासत के अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित और संरक्षित करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए ठाकरे ने कहा, 2014 में नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए गोवा आए थे। तब उन्होंने कहा था मुझे यहां अच्छे लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला था, और एक बार भाजपा की सरकार बन जाने पर, हम गोवा को बचाने के लिए कदम उठाएंगे। वह गोवा के लोगों से किए वादे भूल गए हैं, और पिछले 12 वर्षों से भाजपा सरकार ने गोवा के लिए कुछ नहीं किया है।

## फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में झूला गिरा




**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला गिर गया। हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और मेला ग्राउंड को खाली करा दिया गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, इसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है। इसके बाद मेले में लोग इधर-उधर भागने लगे। मामले की जांच के आदेश दिए हैं। लापरवाही करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पलवल में चांदहट थाने के स।ह्र जगदीश प्रसाद की भी झूले की चपेट में आने से मौत हो गई।

## भाजपा की रितु तवाड़े बीएमसी महापौर पद की उम्मीदवार

**मुंबई।** मुंबई में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए बीजेपी और शिवसेना ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी की रितु तवाड़े ने शनिवार को महापौर पद के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। तवाड़े और घाड़ी ने नगर निगम सचिवालय में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। मेयर का चुनाव 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगा। संभावना है कि शिवसेना ठाकरे गुट भी मेयर पद के लिए उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। बीजेपी नेता अमित साटम ने रितु तवाड़े का नाम घोषित किया। तवाड़े वार्ड 132 की पार्षद हैं।

## भारतीय तटरक्षक बल ने अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को चलाये गये इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा है कि गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। आईसीजी की विशेषज्ञ बोर्डिंग टीमें जहाजों की लगातार तलाशी, जहाज पर बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल के सदस्यों से विस्तृत पूछताछ के द्वारा घटनाक्रम की पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

# अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हुए भारत और अमेरिका

### प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों के लिए बताया बड़ी खुशखबरी

नयी दिल्ली (वार्ता)

भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसमें भारी शुल्क कटौती, व्यापक बाजार पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला में अधिक सहयोग का वादा किया गया है। यह एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों में एक बड़ी सफलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए इसे भारत और अमेरिका के लिए बड़ी खुशखबरी बताया और दोनों देशों में रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।




### अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क पर सहमत

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम अपने दो महान राष्ट्रों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। व्हाइट हाउस द्वारा घोषित यह फ्रेमवर्क , फरवरी 2025 में दोनों नेताओं द्वारा औपचारिक रूप से शुरू की गई व्यापार वार्ता में नई गति का संकेत देता है। इसके तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी कृषि एवं खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि अमेरिका अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद कई भारतीय निर्यातों पर पारस्परिक टैरिफ वापस ले लेगा।

### प्रौद्योगिकी और नवाचार पर समझौते

प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी और नवाचार पर समझौते के जोर को भी रेखांकित किया, जो नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच रणनीतिक साझेदारी के केंद्र में आ गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह ढांचा हमारे बीच निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करेगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे मजबूत और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी और वैश्विक विकास में योगदान मिलेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने इस ढांचे को पारस्परिक व्यापार और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा के बीच संतुलन बताया, विशेष रूप से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और तीसरे देशों द्वारा अपनाई जा रही गैर-बाजार प्रथाओं के संदर्भ में।

### मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करेगा

इस समझौते को भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता का प्रतिबिंब बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सरकार की प्रमुख मेक इन इंडिया पहल को सीधे तौर पर मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, यह फ्रेमवर्क भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप नवप्रवर्तकों, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करता है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। अंतरिम समझौते का उद्देश्य दोनों पक्षों को शुरुआती लाभ दिलाना है, साथ ही वस्तुओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार और निवेश को शामिल करने वाले एक व्यापक, कानूनी रूप से बाध्यकारी व्यापार समझौता (बीटीए) का मार्ग प्रशस्त करना है।

# सरकार के मसले हैं वोटर लिस्ट-नागरिकता

### सोनिया गांधी ने कोर्ट में दाखिल किया अपना जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है। यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिए दायर जवाब में सोनिया ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। सोनिया गांधी ने कोर्ट को दिए जवाब में कहा कि शिकायतकर्ता ने



ऑथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों में किसी भी खास दस्तावेज को जाली या गलत साबित नहीं किया गया है और जरूरी विवरण की कमी है। उन्होंने कहा कि नागरिकता से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि वोटर लिस्ट तैयार करना और उसका रखरखाव चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। ऐसे मामलों में आपराधिक अदालतें अगर किसी व्यक्ति की निजी शिकायत पर दखल देती हैं, तो यह सही नहीं है। क्योंकि ऐसा करना चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप माना जाएगा। गौरतलब है कि 11 सितंबर 2025 को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने विकास त्रिपाठी की शिकायत को खारिज कर दिया था। त्रिपाठी ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की। 9 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया था। त्रिपाठी का कहना है कि गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में ही भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने यह भी दावा किया कि 1982 में सोनिया का नाम हटा दिया गया था और फिर 1983 में दोबारा शामिल किया गया था।

# बस्तर में 1.61 करोड़ के इनामी 51 नक्सलियों का सरेंडर

रायपुर।

छत्तीसगढ़ के बस्तर डिवीजन में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। शनिवार को बस्तर के दो जिलों में कुल 51 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया. इन सभी पर कुल मिलाकर 1.61 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि यह आत्मसमर्पण ऐसे समय पर हुआ है, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर पंडुम 2026 फेस्टिवल का उद्घाटन कर रही थीं। इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिन के दौरे पर रायपुर पहुंचे हुए हैं। बीजापुर जिले में 20 महिलाओं समेत 30 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। वहीं सुकमा जिले में 14 महिला सदस्यों सहित 21 अन्य नक्सलियों ने बस्तर पुलिस की पूना मार्गेम पुनर्वास पहल के तहत सरेंडर किया। नक्सलियों ने बताया कि वे राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित थे। उन्होंने मुख्यधारा में लौटकर सामान्य जीवन जीने की इच्छा जताई है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से भी नक्सल मोर्चे पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। पुलिस ने पहाड़ी इलाकों में छह अलग-अलग जगहों से नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और हथियार बनाने का सामान बरामद किया है।

### हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद



### व्यापार समझौते में नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है।



# संसद में इस हफ्ते का घटनाक्रम अलोकतांत्रिक और अभूतपूर्व : राहुल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बजट सत्र के पहले सप्ताह के दौरान संसद में जो कुछ हुआ वह न केवल अभूतपूर्व बल्कि अलोकतांत्रिक भी था। श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा मेरे प्यारे देशवासियों और साथियों, इस हफ्ते संसद में कुछ ऐसा हुआ, जो न सिर्फ़ अभूतपूर्व था, बल्कि पूरी तरह अलोकतांत्रिक भी था। लोकसभा में विपक्ष के नेता तौर पर, जब मैंने एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा संकट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की ज़िम्मेदारी से पीछे हटने पर सवाल उठाया, तो मुझे बोलने ही नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल



एम.एम. नरवणे की किताब में सामने आए तथ्यों ने एक असहज सच्चाई उजागर की है कि जब चीन भारत पर दबाव बना रहा था, तब प्रधानमंत्री हमारी सेना के साथ खड़े नहीं हुए इसीलिए बहस रोकी गई और इसीलिए संसद को ख़ामोश भी किया गया। श्री गांधी ने कहा यह सरकार डर से चलती है- जवाबदेही के डर से और सच्चाई के डर से। भारत को जवाब चाहिए और उसे ऐसी संसद चाहिए जहां स्वतंत्रता से बोला जा सके।

# 'आवेश में निकले थे शब्द'

### मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया मामले में चौथी बार माफी मांगी

भोपाल

कर्नल सोफिया को लेकर दिए बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से दो दिन पहले प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। शाह ने कहा- मैंने पहले भी कई बार कहा है, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज, किसी वर्ग का अपमान हो। वे शब्द निस्संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। वे शब्द देश भक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। गलती के पीछे की भावना को अवश्य देखा जाना चाहिए। आप सब जानते हैं कि मेरी कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने अंत:करण से क्षमा याचना की। कई बार की है। आज फिर कर रहा हूं। मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी से त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ। मुझे विश्वास है कि मेरी भावनाओं को सही संदर्भ में देखा जाएगा। भारतीय सेना के प्रति मेरे मन में सदैव सम्मान रहा है और रहेगा। सार्वजनिक जीवन में रहते हुए ऐसे शब्दों की मर्यादा, संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। इस घटना से मैंने आत्ममंथन किया है। सबक लिया है।



जिम्मेदारी मानता हूं। भविष्य में वाणी पर नियंत्रण रहेगा। ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। एक बार पुन: उस मामले में आप सभी नागरिकों से, भारतीय सेना से, सब लोगों से अंत:करण से माफी मांगता हूं। मंत्री विजय शाह के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी के मामले में मध्यप्रदेश सरकार को 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करना है। इससे पहले कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। सरकारी और राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से और समय मांग सकती है। तर्क यह दिया जाएगा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है और विस्तृत परीक्षण जरूरी है। यही रुख शुरुआत से मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम का भी रहा है।

# अपनी मर्जी से लेन-देन करेंगे किसी के दबाव में नहीं

### यूएस-इंडिया ट्रेड डील के बाद मोहन भागवत की दो टूक

नयी दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के बाद दो टूक बयान देते हुए कहा कि हम दुनिया से अलग-थलग नहीं रह सकते हैं, लेकिन लेन-देन करेंगे तो अपनी मर्जी से करेंगे। किसी के दबाव में नहीं करेंगे, न ही टैरिफ देखकर फैसले लेंग। उन्होंने कहा कि हम जो भी खरीदारी करेंगे, वह अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली होगी। हमें स्वदेशी को अपनाना चाहिए. जहां कोई विकल्प नहीं है और विदेश के अलावा कोई रास्ता नहीं है, वहां विदेशी वस्तुओं को अपनाया जा सकता है।




### भारत में चार तरह के हिंदू हैं- संघ प्रमुख

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हम विश्व गुरु बनेंगे, लेकिन सिर्फ भाषणों से नहीं, बल्कि उदाहरणों के जरिए. अगर आप भारतीय हैं तो ये हुनर आपको विरासत में मिला है. उन्होंने कहा, 'भारत में चार तरह के हिंदू हैं. पहले वो जो गर्व के साथ यह कहते हैं कि हम हिंदू हैं। दूसरे वो, जो यह कहते हैं कि हम हिंदू हैं तो क्या? इसमें गर्व करने वाली बात क्या है. तीसरे वो, जो यह कहते हैं कि यह बात धीरे से बोलो कि हम हिंदू हैं और आखिर में चौथे वो जो यह भूल गए हैं कि हम हिंदू हैं या फिर जिन्हें यह भूलने के लिए मजबूर कर दिया गया है कि वे असल में हिंदू है।'

### टैरिफ को लेकर क्या बोले मोहन भागवत?

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आज शनिवार (7 फरवरी, 2026) को संघ यात्रा के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'नीति के स्तर पर हम यह कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लेन-देन करना पड़ता है. नीति धीरे-धीरे चल रही है। नीति अपनी गति से बदलती है और आगे बढ़ेगी, लेकिन अपने घर के स्तर पर हम स्वदेशी को लागू करेंगे।'

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजट: सांसद हिमाद्री सिंह

## 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता संपन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी जिला के द्वारा कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में शहडोल लोकसभा क्षेत्र की संसद हिमाद्री सिंह, एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, भाजपा जिलाअध्यक्ष अमिता चपरा भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं बजट कार्यक्रम के संयोजक मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष लोहानी जिला महामंत्री अमित मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज़ है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।




### स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा उल्लेखनीय सुधार

स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों का उन्नयन कर उनमें ट्रामा सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रावधान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास के साथ च्चरिफॉर्म एक्सप्रेसज्ज की रफ्तार को भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका

सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का बजट सिर्फ लोक लुभावन रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह बजट दूरदर्शी और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला है। इसके अलावा सांसद हिमाद्री सिंह ने पत्रकारों के सवालों का भी बखूबी जवाब दिया साथ ही स्थानीय मुद्दों को लेकर पत्रकारों से चर्चा की गई इस दौरान जिले भर के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण पत्रकार वार्ता में उपस्थित रहे इस दौरान पत्रकार वार्ता का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने किया तो वहीं आभार भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर व विकसित भारत 2047 के संकल्पों को सिद्ध करने वाला केंद्रीय बजट

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में केन्द्रीय बजट 2026 - 27 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पूर्व केन्द्रीय मंत्री, संसद की एस.टी., एस.सी. कल्याण समिति के अध्यक्ष व मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, बजट के जिला संयोजक नीलकमल जैन, सह संयोजक सुरेन्द्र मोहन नेमा, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदशन व नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। 2014 में कांग्रेस के शासन काल में भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और अब मोदी जी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। मोदी जी की नीतियों व दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री कुलस्ते ने कहा कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि ळल।छ यानी ळ-गरीब, ल्-युवा, ।-अन्नदाता और छ-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार समर्पित है। यह बजट सतत् आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ ही दुनिया में भारत की ताकत का अहसास कराया है इस बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए गये है। यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट मोदी जी के विजन रिफार्म परफार्म और ट्रांसफोर्म को परिलक्षित कर रहा है। उन्होने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज़ है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं।

# काम रुके, कॉल नहीं उठे, नोटिस अनदेखे

## मनरेगा व निर्वाचन लापरवाही पर पंचायत सचिव पर गिरी गाज, सचिव सस्पेंड

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, ग्राम पंचायत मुख्यालय से अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं शासकीय कार्यों में उदासीनता के आरोप में ग्राम पंचायत ढोढा, जनपद पंचायत शहपुरा के सचिव जयंत मार्को को जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शहपुरा द्वारा अवगत कराया गया कि सचिव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया जा रहा था और वे नियमित रूप से ग्राम पंचायत मुख्यालय से अनुपस्थित पाए जा रहे थे। आदेश में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत ढोढा में मनरेगा योजनांतर्गत एक बगिया माँ के नाम परियोजना के अंतर्गत 15 कार्यों का चयन कर वर्क आईडी जनरेट की गई थी तथा कार्यों के प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति भी जारी की जा चुकी थी। इसके बावजूद केवल 11 कार्यों की ही प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। शेष कार्यों में न तो पौधों की व्यवस्था की गई और न ही पौधरोपण हेतु गड्ढे खोदे गए, जबकि संबंधित मस्टर रोल पहले ही जारी किए जा चुके थे। जनपद पंचायत स्तर से कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु दूरभाष पर कई बार संपर्क किया गया, परंतु सचिव द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए, किंतु निर्धारित समयावधि में कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 04 नवंबर 2025 को जारी किया गया था, जिसे भी अनदेखा किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत शहपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के भ्रमण के दौरान सचिव ग्राम पंचायत मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। आदेश में यह भी उल्लेख है कि इसी अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण-2025 (स्क्क) का कार्य संचालित था, जो सचिव की अनुपस्थिति के कारण प्रभावित हुआ। ग्राम पंचायत में सचिव की लगातार अनुपस्थिति को लेकर ग्रामवासियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसकी जांच में अनुपस्थिति की पुष्टि हुई। उपरोक्त तथ्यों को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत डिण्डौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील नियम) 1999 के नियम-4 के अंतर्गत श्री जयंत मार्को को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत शहपुरा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित वाटर पार्क का करेंगे लोकार्पण

## सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता सबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 08 फरवरी को जिले में धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वाटर पार्क का लोकार्पण करेंगे। वाटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है। स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के हितग्राहियों को नियुक्त पत्र का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही वनाधिकार पट्टों का वितरण, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट, स्पांसरशिप योजना का लाभ तथा श्रम विभाग द्वारा दुर्घटना, मृत्यु एवं, सामान्य मृत्यु के हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।



मुख्य मंत्री मोहन यादव जिले के जयसिंहनगर जनपद क्षेत्र में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता सबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीतामढ़ी धाम श्री रामपथ गमन मार्ग में आता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा आयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्रीलंका पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों में उन्होंने विश्राम किया था। जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है। दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 134 करोड़ की लागत वाले 60 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों में जनजातीय कार्य विभाग के 27 कार्य लागत 33 करोड़, नगरीय प्रशासन विभाग के 02 कार्य लागत 28 करोड़, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 05 कार्य लागत 25 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निमार्ण विभाग के 05 कार्य लागत 20 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन पीआईयू, के 02 कार्य लागत 10.74 करोड़, मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के 02 कार्य लागत 07 करोड़ 77 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 12 कार्य लागत 4 करोड़ 78 लाख, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 02 कार्य लागत 2करोड़ 39 लाख तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 03 कार्य लागत 1.5 करोड़ की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

# जनसमस्याओं पर चौपाल: कलेक्टर ने रामगढ़ व अमरपुर में विकास कार्यों का लिया जायजा





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर ने शनिवार को विकासखंड अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़, ग्राम पंचायत अमरपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रामगढ़ में रानी अवंतीबाई किला एवं पार्क से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन्हें गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ रामगढ़ पहुंचीं और रामगढ़ किला पार्क परिसर में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई। चौपाल में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, गेट मरम्मत, पौधों के संरक्षण, मंदिर एवं परिसर की पुताई सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

ग्रामीणों द्वारा पार्क के संचालन हेतु हैंडओवर की मांग रखी गई। इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पार्क शासकीय संपत्ति है, अत: इसे किसी व्यक्तिगत अथवा समूह को सौंपना कानूनन उचित नहीं है। पार्क की समस्त देखरेख एवं संचालन ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाएगा ताकि व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित बनी रहें। ग्रामीणों ने पार्क के गेट, दीवार एवं बाउंड्री टूटने, पानी की पाइपलाइन व नल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव सुनील ठाकुर एवं सरपंच वंदना ठाकुर को 15वें वित्त आयोग मद से आवश्यक मरम्मत कार्य कराते हुए पार्क का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। चौकीदार की व्यवस्था न होने पर शील मेंहदेले द्वारा चौकीदार की मासिक मजदूरी स्वयं वहन करने की बात कही गई, जिससे पार्क की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत रामगढ़ में प्रस्तावित नवीन सामुदायिक भवन की भूमि का समतलीकरण पार्क परिसर के समीप किए जाने पर कलेक्टर ने आपत्ति व्यक्त की और निर्देश दिए कि पार्क की सुंदरता प्रभावित न हो, इसके लिए भवन का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर किया जाए। एसडीओ आरईएस, इंजीनियर एवं सरपंच को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अमरपुर में नवीन सामुदायिक भवन के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सचिव एवं इंजीनियर को निर्देशित किया कि सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि वर्षा ॠतु से पूर्व भवन तैयार हो सके। चौपाल एवं निरीक्षण के दौरान सरपंच वंदना ठाकुर, सचिव सुशील ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, गजराज सिंह मेंहदेले, अंजलि वर्मन, तहसीलदार शशांक शेंडे, एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, यंत्री, सहायक यंत्री सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक साल में भी नहीं बना पंचायत भवन, सचिव पर गिरी गाज, जिला पंचायत ने थमाया कारण बताओ नोटिस

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन निर्माण में गंभीर लापरवाही को लेकर जिला पंचायत डिण्डौरी ने कड़ा रुख अपनाया है। ग्राम पंचायत देवरीकला के सचिव अशोक कुमार तिवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 06 फरवरी 2026 को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में उपयंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत देवरीकला में पंचायत भवन का निर्माण स्वीकृति के लगभग एक वर्ष बाद भी केवल खिड़की स्तर तक ही पहुंच सका है। लंबे समय से कार्य अधूरा होने के कारण इसे सचिव की लापरवाही माना गया है।

### जारी आदेश के मुताबिक

जिला पंचायत द्वारा जारी सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि पंचायत भवन निर्माण में की गई यह लापरवाही पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता को दर्शाती है, जो मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 का उल्लंघन है। इस आधार पर सचिव के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील नियम) 1999 के नियम-4 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी ने सचिव अशोक कुमार तिवारी को निर्देशित किया है कि वे अपना स्पष्टीकरण दिनांक 09 फरवरी 2026 को सायं 4 बजे तक प्रस्तुत करें। साथ ही इस संबंध में कलेक्टर डिण्डौरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शहपुरा एवं संबंधित अधिकारियों को प्रतिलिपि प्रेषित कर सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिला पंचायत सदस्य निधि से 3 लाख की लागत से होगा निर्माण, ग्रामीण विकास की दिशा में अहम पहल

## बरगांव में यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान निर्माण का भूमि पूजन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव में ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य जिला पंचायत सदस्य निधि से 3 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे गांव के लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी सीधी सुविधा मिलेगी। विधिवत पूजन-अर्चन के बाद अतिथियों द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। जनप्रतिनिधियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अमले को दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 डॉ. चैन सिंह भवेदी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 टेकेश्वर साहू, स्थानीय जनपद पंचायत सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र ब्यौहार, सरपंच गुड्डी बनवासी, पूर्व सरपंच नत्थूलाल बनवासी, उपयंत्री चेतराम साहू, ग्राम रोजगार सहायक दिलीप कुशराम सहित





बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान के निर्माण से बस या अन्य साधनों का इंतजार करने वाले यात्रियों को बैठने की समुचित सुविधा मिलेगी। वहीं दुकान के निर्माण से स्थानीय स्तर पर छोटे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक गतिविधियों में भी इजाफा होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, रोजगार, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं और मांगें जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए और अधिक कार्य कराने की मांग की। ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत बरगांव के विकास से जुड़ी सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। अंत में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भूमि पूजन कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जताई और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# अब वाणिज्य स्नातकों के लिए बनेंगे कैरियर के अधिक अवसर : कुलगुरु

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और आईसीएआई दिल्ली के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए हुआ एमओयू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के साथ वाणिज्य स्नातकों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये। इस ऐतिहासिक पहल की जानकारी देते हुए माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह पहली बार है जब रादुविवि और आईसीएआई के बीच छात्रहितों को लेकर यह सराहनीय कदम उठाया गया है। यह एमओयू दोनों संस्थानों ने अकादमिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करने और कौशल उन्नयन के लिए परस्पर सहयोग के लिए किया है। संस्थान संयुक्त रूप से छात्रों, संकाय सदस्यों, अभ्यास करने वाले पेशेवरों और कॉर्पोरेट अधिकारियों के लिए कार्यशालाओं, सेमिनारों, सतत शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों और इसी तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। आईसीएआई के साथ अकादमिक सहयोग से छात्रों के दृष्टिकोण में बदलाव आएगा और उनके करियर में अधिक अवसर पैदा होंगे।



यह समझौता ज्ञापन दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा, आईसीएआई अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा, हंसराज चुग सहित आईसीएआई के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौते पर आईसीएआई संयुक्त निदेशक और सचिव, बोर्ड ऑफ स्टडीज (एकेडमिक) सीए. (डॉ.) रश्मि गोयल, रादुविवि के प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने हस्ताक्षर किए। एमओयू कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने पर हर्ष व्यक्त किया और बताया कि एनईपी और यूजीसी के पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढांचे के आलोक में इस समझौता ज्ञापन की आवश्यकता उत्पन्न हुई है। इस एमओयू का सामान्य उद्देश्य वाणिज्य, प्रबंधन के पाठ्यक्रम बी.कॉम, बी.कॉम ऑनर्स, बीबीए, एमबीए एवं एम.कॉम सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कॉमर्स कोर्स में शैक्षणिक सहयोग बढ़ाना और सहयोगी और पारस्परिक रूप से लाभकारी कार्यक्रमों के विकास को प्रोत्साहित करना और सुविधाजनक बनाना है, जो दोनों संगठनों में बौद्धिक जीवन और सांस्कृतिक विकास को बढ़ाने में मदद करेगा। यह समझौता ज्ञापन छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान व्यावहारिक ज्ञान पर बिना किसी प्रभाव के अकादमिक योग्यता प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

वहीं आईसीएआई अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कुलगुरु के सहज समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि योग्यतम की उत्तरजीविता के लिए शिक्षा ही एकमात्र साधन है। यह समझौता ज्ञापन रादुविवि और आईसीएआई के छात्रों को बहुविषयक और विविध क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों के व्यापक शैक्षिक कार्यों से राष्ट्र की अपेक्षाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी और वे उन अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। इस साझेदारी का उद्देश्य पाठ्यक्रम को पारंपरिक डिग्री के साथ जोड़ना, संयुक्त प्रशिक्षण और संकाय विकास को बढ़ावा देना है।

### ये होंगे लाभ

- * वाणिज्य और लेखा शिक्षा के मानक को ऊँचा उठाने के लिए फैकल्टी विकास कार्यक्रमों और ऑनलाईन रिकॉर्डेड व्याख्यानों की व्यवस्था पर और अधिक जोर रहेगा।
- * इंटर इंस्टीट्यूशनल विजिट, फैकल्टी एक्सचेंज, स्टॉफ डेवलपमेंट, एकेडमिक पब्लिकेशन, रिसर्च और एजुकेशनल कोलेबोरेशन को मिलेगा बढ़ावा।
- * कॉमन इंटरेस्ट के एरिया में रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को बढ़ावा। इनोवेटिव एकेडमिक रिसर्च प्रोग्राम डेवलप होगा।
- * दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से आयोजित वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार और इसी तरह के एकेडमिक प्रोग्राम एवं संयुक्त शोध परियोजना से विद्यार्थियों, अध्यापकों के कौशल विकास में मिलेगा लाभ।
- * लाइब्रेरी, अध्ययन कक्ष जैसी सुविधाएं साझा करने का लाभ।



# अनुमति के बाद भी 2 साउंड बाक्स से अधिक नहीं बजेंगे

### होटल संचालकों-मैनेजरों की बैठक में दिये गये निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2026 जिले के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होंगी। परीक्षाओं व परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्र-छात्राओं को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग से पढाई करने में बाधा उत्पन्न होगी जिसे ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्ग दर्शन में कन्ट्रोल रूम में होटल संचालकों और मैनेजरों की बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता द्वारा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी.एस. गोठरिया की उपस्थिति में ली गयी।

बैठक में सभी होटल संचालकों/मैनेजरों को साउंड के सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करने हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि डी.जे. का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे तक ही सम्बंधित क्षेत्र के अनुविभागीय मजिस्ट्रेट की अनुमति से किया जा सकेगा, परंतु यह अनुमति सीमित अवधि तथा सीमित क्षेत्र के लिये ही दी जायेगी। अनुमति के दौरान भी 2 साउंड बाक्स से अधिक उपयोग नहीं किये जा सकेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति कार्यक्रम परिसर के लिये ही दी जा सकेगी। साउंड सिस्टम की अनुमति प्राप्त करते हुये साउंड सिस्टम का इस्तेमाल इस प्रकार करेंगे कि उससे किसी को परेशानी न हो, साथ ही साउंड सिस्टम की आवाज परिसर तक ही सीमित रहे यह सुनिश्चित करेंगे। वाहन पार्किंग की व्यवस्था इस प्रकार करेंगे कि यातायात अवरूद्ध न हो।

### एक का अंतिम संस्कार एवं 3 बुजुर्गों को दिया आश्रय

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लावारिस जीवनो को आश्रय एवं लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति जबलपुर लगभग 26 वर्षो से पीड़ित मानवता की सेवा कर रही है। स्वयंसेवी मोक्ष एवं सदस्य सेवाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में थाना भेड़ाघाट अतर्गत 75 वर्षीय बुजुर्ग, थाना तिलवारा अंतर्गत चौकीताल के समीप से लगभग 65 वर्षीय महिला एवं थाना गढ़ा अंतर्गत सेंट्रल बैंक के पास से 70 वर्षीय बुजुर्ग को मोक्ष में बीती रात लावारिस अवस्था में सूचना पर आश्रय दिया गया। वहीं मेडिकल गोलकुंडा के पास मृत अवस्था में मिले शव का मोक्ष के द्वारा तिलवारा घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

# फिल्म के आपत्तिजनक शीर्षक के विरुद्ध खोलेंगे कानूनी मोर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के अपमानजनक शीर्षक और उसके माध्यम से ब्राह्मण समुदाय की छवि धूमिल करने के प्रयासों की कड़े शब्दों में निंदा की है। महासभा ने स्पष्ट किया है कि फिल्म के निर्माताओं द्वारा प्रोमो हटा लेना मात्र एक छलावा है, जब तक फिल्म का शीर्षक पूर्णतः नहीं बदला जाता, समाज का संघर्ष जारी रहेगा। महासभा के सह संयोजक असीम त्रिवेदी ने कहा कि पंडित शब्द ज्ञान, त्याग और सात्विकता का प्रतीक है। इसे घूसखोर जैसे शब्द के साथ जोड़ना न केवल एक समुदाय का अपमान है, बल्कि यह सनातन संस्कृति पर भी प्रहार है। हालांकि दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिकाएं विचाराधीन हैं, लेकिन मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा अब एक प्रतिनिधि निकाय के रूप में नेटफ्लिक्स और निर्माता नीरज पांडे के विरुद्ध मानहानि का स्वतंत्र दीवानी मुकदमा और भारी क्षतिपूर्ति का दावा दायर करने जा रही है। विप्रा शक्ति नई इकाई की सुनीता त्रिवेदी, शक्ति त्रिवेदी, गीता पांडे, रश्मि मिश्रा, श्वेता पांडे, रत्ना मिश्रा आदि का मानना है कि केवल टीज़र हटाना जनता के आक्रोश को शांत करने की एक चाल है। हमारी मांग है कि फिल्म का शीर्षक स्थायी रूप से बदला जाए और निर्माता लिखित में बिना शर्त माफी मांगें। यदि अगले 48 घंटों में फिल्म के नाम परिवर्तन की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई, तो महासभा देशभर में नेटफ्लिक्स के कार्यालयों के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेगी और कानूनी रूप से इस फिल्म के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक जाएगी।

# कड़ी धूप या आधी रात, युवा मोर्चा सबके साथ : श्याम टेलर

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने बजट सत्र को लेकर की चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का शनिवार को संस्कारधानी जबलपुर में आगमन हुआ इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीण अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत एवं भव्य आगवानी की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा महामंत्री पंकज दुबे, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी



उपस्थित थे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पीएम श्री महाकौशल महाविद्यालय में बजट परिचर्चा 2026 में सम्मिलित हुए एवं बजट से संबंधित चर्चा की। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने अमर बलिदानी शंकर शाह, रघुनाथशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात स्वागत मंचों पर जाकर युवाओं के द्वारा किए जा रहे स्वागत अभिनन्दन के लिए आभार व्यक्त किया एवं संबोधित किया। बंगाली क्लब में जाकर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारधानी जबलपुर में स्वागत की ऐतिहासिक परंपरा रही है जिसे आज मैने भी यहां आकर महसूस किया, युवाओं का अपार उत्साह, उमंग और ऊर्जा का प्रवाह आज संस्कारधानी में दिखाया। युवाओं से संवाद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि युवाओं का मूल्यांकन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की तीसरी आंख हर समय सक्रिय रहती है, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कड़ी धूप या आधी रात, युवा मोर्चा सबके साथ इस मंत्र को लेकर अब हमें आगे बढ़ना है।

भाजपा में मूल्यांकन अपने आप होता है न तो जाति,न ही अत्यधिक संसाधन, सारी चीजों के आधार पर नहीं होता बल्कि आपकी वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति समर्पण से संगठन आपका मूल्यांकन करेगा।

# केस वापसी के लिए धमकाने पर सुभाष चंद्रा के बेटे पर भी दर्ज हुई एफआईआर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पूर्व जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पाण्डेय के मार्कशीट के फर्जी सत्यापन दस्तावेज बनाकर झूठी शिकायत मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और कलेक्टर जबलपुर को करने पर थाना ओमती में सुभाष चंद्रा की एफ.आई.आर. 3 फरवरी को दर्ज की गई थी। सुभाष चंद्रा का पुत्र अमित चंद्रा जो कि स्वास्थ्य विभाग के मझोली कार्यालय में बीपीएम के पद में पदस्थ है, के द्वारा पिता सुभाष चंद्रा पर ओमती थाने में दर्ज एफ.आई.आर. वापस लेने के लिए दवाब बनाने जिला प्रबंधक विजय पाण्डेय के विक्टोरिया स्थित ऑफिस में पहुंचा था। ऑफिस में दवाब बनाने के बाद वह विजय पाण्डेय के रामपुर स्थित निवास पर भी पहुंचकर उनके परिवार वालों पर भी दवाब बना रहा था। जिसकी शिकायत जिला प्रबंधक विजय पाण्डेय द्वारा थाना ओमती और गोरखपुर पुलिस को सभी साक्ष्यों वीडियो के साथ दी गई। जिस पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर अमित चंद्रा को गिरफ्तार करने उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गया। अमित चंद्रा किसी का फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस द्वारा सरगर्मी से अमित चंद्रा की तलाश की जा रही है।

# पुलिस परिवार हेतु सम्मान समारोह एवं नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शैल्बी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल जबलपुर द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य, सम्मान एवं कल्याण को समर्पित एक गरिमामय सम्मान समारोह एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशासनिक प्रतिनिधियों तथा शैल्बी अस्पताल प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल द्वारा समाज की सुरक्षा हेतु किए जा रहे नि:स्वार्थ, समर्पित एवं सतत योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा उनके स्वास्थ्य के



प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर आपदा, संकट एवं चुनौती की स्थिति में समाज की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति में खड़ा रहता है। निरंतर ड्यूटी, मानसिक तनाव एवं अनियमित दिनचर्या के कारण पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य अक्सर उपेक्षित रह जाता है। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शैल्बी अस्पताल द्वारा यह विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग, कैंसर, न्यूरो, गैस्ट्रो एवं चेस्ट रोग सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही लगभग 4500 रुपये तक की महत्वपूर्ण जांचें, जैसे ईसीजी, पीईटी, बीएमडी, ब्लड शुगर आदि, पूर्णतः नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

**पुलिसकर्मियों का किया सम्मान**-कार्यक्रम में एक ही स्थान पर 250 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं जवान अपने परिवारजनों सहित उपस्थित रहे, जिनमें आईपीएस आयुष गुप्ता, एडिशनल एसपी (क्राइम) सूर्यकांत शर्मा, एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) अंजना तिवारी, समस्त सीएसपी, थाना प्रभारी, अनेक एसआई, एएसआई एवं कांस्टेबल समेत उनके परिवारजन सम्मिलित थे। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं हेतु चयनित पुलिसकर्मियों का मंच से सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शैल्बी अस्पताल प्रबंधन ने इस अवसर पर अपना संदेश दोहराते हुए कहा- जो देश की सेवा में हैं, शैल्बी उनकी सेवा में है। कार्यक्रम की सफलता में शैल्बी अस्पताल, जबलपुर के संस्था प्रमुख डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डिप्टी सीएओ अंकित जैन एवं समस्त प्रबंधन टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सिहोरा में काले मुंह के बंदरों का आतंक

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नगर में बीते एक माह से काले मुंह के बंदरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए वन मंडल अधिकारी एवं उपवन मंडल अधिकारी के निर्देश पर वन्य प्राणी रेस्क्यू सौरभ एसोसिएट्स जबलपुर की टीम शनिवार को सिहोरा पहुंची। रेस्क्यू टीम द्वारा रेस्ट हाउस परिसर में पिंजरा लगाया गया है और बंदरों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में वन परिक्षेत्र सिहोरा के कर्मचारी भी मौके पर तैनात हैं। विभाग द्वारा स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए भरसक कोशिश की जा रही है। मालूम हो कि सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र में न्यायालय परिसर, झंडा बाजार, ज्वालामुखी क्षेत्र, सिविल लाइन एरिया एवं रेस्ट हाउस क्षेत्र में काले मुंह के बंदरों का आतंक लगातार देखा जा रहा है। ये बंदर आमजन को परेशान करने के साथ-साथ कई बार झूमा-झटकी कर चुके हैं। घरों में रखा खाने-पीने का सामान उठाकर ले जाना भी आम बात हो गई है। छोटे बच्चों पर सबसे ज्यादा खतरा-काले मुंह के बंदरों से छोटे बच्चों को सबसे अधिक खतरा है। स्कूल जाते समय या घर में खेलते वक्त ये बंदर बच्चों पर झपट्टा मार देते हैं, जिससे अभिभावकों में डर बना हुआ है। न्यायालय परिसर में दहशत-सिहोरा सिविल न्यायालय में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि वकीलों के साथ-साथ न्यायाधीश भी दहशत में हैं। नगरवासियों ने शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है।

# 9वीं-11वीं की परीक्षा भी बोर्ड पैटर्न पर

### थाने में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र, मूल्यांकन भी होगा सख्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

सरकारी स्कूलों की नौवीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं को इस बार पूरी तरह बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आयोजित किया जाएगा। परीक्षा संचालन से लेकर मूल्यांकन तक कड़ी सावधानियां बरती जा रही हैं, ताकि पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा भी 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा जैसी होगी और इन्हें थानों में सुरक्षित रखा जाएगा। नौवीं और 11वीं की परीक्षाओं के प्रश्नपत्र मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा तैयार किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी और केंद्राध्यक्षों के माध्यम से ये प्रश्नपत्र संबंधित स्कूलों तक पहुंचाए जाएंगे। परीक्षा वाले दिन ही केंद्राध्यक्ष की निगरानी में प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेंगे।

### पुलिस की निगरानी में बंटेंगे प्रश्नपत्र

परीक्षा शुरू होने से ठीक 60 मिनट पहले पुलिस थाने से प्रश्नपत्रों के बंडल निकाले जाएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के पांच मिनट पहले प्रश्नपत्र वितरित किए जाएंगे। यह व्यवस्था प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए की गई है। सरकारी स्कूलों की नौवीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 23 फरवरी से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेंगी। इस दौरान प्रदेश भर में करीब 20 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मूल्यांकन कार्य 23 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा और परिणाम भी शीघ्र घोषित किए जाएंगे।

### चार सेट में तैयार किए गए प्रश्नपत्र

बोर्ड परीक्षा की तरह इस बार सभी विषयों के प्रश्नपत्र चार सेट में तैयार किए गए हैं। इनमें भाग ए, बी, सी और डी शामिल होंगे। विद्यार्थियों को रोटेशन के आधार पर प्रश्नपत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे नकल की संभावना कम होगी। परीक्षा का समय दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर आधा घंटा पहले अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा।

### उत्कृष्ट विद्यालय बनेंगे मूल्यांकन केंद्र

मूल्यांकन प्रक्रिया को भी व्यवस्थित बनाने के लिए हर जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों को समन्वयक केंद्र बनाया गया है। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्राध्यक्ष अपनी निगरानी में उत्तरपुस्तिकाएं इन उत्कृष्ट विद्यालयों में जमा कराएंगे। इसके बाद विकासखंड स्तर पर उपकेंद्रों में माशिमं की अंक योजना के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा।

# सभी बैंकर्स 40-40 हितग्राहियों को लाभान्वित करें

### निगमायुक्त ने निगम अधिकारियों और बैंकर्स के साथ की समीक्षा बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम द्वारा छोटे कारोबारियों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से आज जबलपुर नगर निगम द्वारा 'पी.एम. स्वनिधि दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस विशेष अवसर पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और पी.एम. स्वनिधि के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से लगातार निगम अधिकारियों और बैंकर्स के साथ समीक्षा भी कर रहे हैं।आज



निगमायुक्त स्वयं हितग्राहियों को लाभ दिलाने बैंकों में पी.एम. स्वनिधि के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन के साथ पहुँचे, जहाँ पर सभी बैंकर्स से अनुरोध किया कि शासन की योजनाओं को सफलता प्रदान करने अधिक से अधिक पी.एम. स्वनिधि योजना के हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत कर लोन उपलब्ध कराएँ। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने निगम अधिकारियों और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने चर्चा के दौरान सरकार की पवित्र मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि नगर निगम जबलपुर शनिवार को पी.एम. स्वनिधि दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में आप सभी से आग्रह है कि कम से कम पी.एम. स्वनिधि के 40-40 प्रकरण स्वीकृत करें और हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराएँ। बैंकों के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सभी बैंकर्स से अनुरोध करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना का काम सामाजिक सरोकार से संबंधित है इसलिए आज शनिवार को विशेष दिवस मानते हुए बैंकों में विचाराधीन जितने भी प्रकरण है उन सभी प्रकरणों पर स्वीकृति प्रदान कर हितग्राहियों को लाभांवित करें। जिसपर सभी बैंकर्स ने सहमति प्रदान करते हुए निगमायुक्त को आश्वस्त किया कि बैंकों की ओर से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 100 प्रतिशत पी.एम. स्वनिधि के केस निराकृत किये जायेगें। इस अवसर पर एल.डी.एम. दिवाकर सिंह के साथ सिटी मिशन मैनेजर, सामुदायिक संगठक एवं शहरी क्षेत्र के सभी बैंकों के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति केन्द्र में युवक की संदेहास्पद मौत

## परिजनों ने मौत पर उठाए सवाल, कहा- पुलिस निष्पक्ष जांच करें

### नया जीवन नशा मुक्ति केन्द्र भटेरा बालाघाट का मामला

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



कोतवाली थाना बालाघाट क्षेत्र के नगर के वार्ड नम्बर 01 भटेरा चौकी में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र में 36 वर्षीय युवक की 12 घंटे के भीतर ही संदेहास्पद मौत हो गई। मृतक युवक का नाम किरण पिता मदनलाल बसेने ग्राम टेमनी खैरलांजी निवासी हैं। नया जीवन नशा मुक्ति केन्द्र भटेरा सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता मंत्रालय भारत सरकार से वित्तपोषित शासन द्वारा संचालित हैं, इसके संचालक धनेन्द्र हनवत हैं। परिजनों ने कहा कि किरण के साथ कुछ ना कुछ तो हुआ हैं, वह स्वस्थ था, उसकी मौत कैसे अचानक हो सकती हैं, पुलिस प्रशासन से निश्पक्ष जांच की मांग करते है। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार, टेमनी निवासी किरण बसेने खेती किसानी करता था उसकी एक पुत्री हैं, और वह विगत दिनों से अत्यधिक शराब का सेवन करता था, जिसे परिजनों ने नया जीवन नशा मुक्ति केन्द्र भटेरा चौकी बालाघाट से चर्चा करने के उपरांत 6 फरवरी को भर्ती कराया था कि वह शराब का नशा छोड़ देंगा, और अपना नया जीवन की शुरूआत करेंगा लेकिन परिजनों को 7 फरवरी की सुबह 7 बजे फोन आता हैं कि युवक किरण बसेने की मौत हो गई हैं। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने नशा मुक्ति केन्द्र पर आरोप लगाया हैं कि कुछ ना कुछ तो किया गया है जिससे उसकी मौत हुई हैं।

मृतक का चचेरा भाई मनीष बसेने ने कहा कि 6 फरवरी की दोपहर 3 बजे करीब में नशा मुक्ति केन्द्र में वह पूर्ण रूप से स्वस्थ था उसे बाईक से लाकर भर्ती कराए थे कि भाई किरण नशा की लत को छोड़ देंगा, जिसके बाद 7 फरवरी की सुबह 7 बजे हमें फोन करते हैं कि किरण की मौत हो गई हैं। जब हम पहुंचे तो उसके पास की बेट वाले ने बताया कि अलसुबह करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई हैं। इससे ही हमें शक है कि उसकी 12 घंटे के भीतर कैसे मौत हो गई कुछ ना कुछ तो किया गया हैं, इससे पहले हमने यहा पर कॉल किया था तो बात भी नहीं कराये। हमारी पुलिस प्रशासन से मांग हैं कि घटना की निश्पक्ष जांच हो और हमें न्याय मिले।

नया जीवन नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक धनेन्द्र हनवत ने बताया कि किरण को परिजनों ने 6 फरवरी की शाम 4 बजे भर्ती कराये थे, उसका मेडिकल चेकअप भी किया गया था वह नार्मल जांच थी, उसने शाम को खाना भी खाया था और शो गया था। जिसके बाद अलसुबह उनके साथियों ने बताया कि वह कोई हलचल नहीं कर रहा हैं, उसके बाद देखा गया तो उसकी मौत हो गई थीं। वह बिते एक माह से अत्यधिक शराब पिने का आदी था, इसलिए ही उसे भर्ती कराया था। हमने पुलिस को सूचना दे दी हैं पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जायेगा।

# मजदूर ने मकान बनाया पर मजदूरी राशि नहीं देने पर की एसपी से शिकायत

**बालाघाट।** आज कल एक परंपरा समाज में ज्यादा चल रही है जिसमें अपना काम निकालने के बाद दूध की मक्खी जैसे निकाल कर फेक देना और भूल जाना। ऐसा ही एक मामला शहर से लगे क्षेत्र में देखने मिल रहा है जहां एक मकान का काम करवाकर पूरी मजदूरी नहीं दी गई ओर कम से निकालकर धमकाया भी जा रहा है। प्रेस को दी गई शिकायत के अनुसार मकान मालिक राजकुमार मंडलवार ने गर्रा में एक भवन के निर्माण का कार्य ठेकेदार (मिस्त्री ) दिनेश पिता दुलीचंद पंचेश्वर को दिया जिसने भवन का निर्माण कार्य तो कर दिया लेकिन निर्माण कार्य की लागत राशि से बाकी के 3,66,000 रूपए नहीं दिया ओर कम सेबनिकलवकर धमकाया भी जा रहा है। जिसे परेशन होकर दिनेश ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट को शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई हैं।

शिकायत अनुसार, भिस्त्री ठेकेदार दिनेश पिता दुलीचंद ग्राम मंगेझरी निवासी हैं और उसी के राजकुमार मंडलवार ने गर्रा में एक भवन का निर्माण कार्य के लिए 1250 वर्गफुट का निर्माण किया जाना था और उक्त कार्य 1400 वर्गफुट काम कराया गया. उक्त कार्य संपूर्ण मटेरियल सहित था और जितने शर्तो के साथ बात हुई थी, उसी शर्तो के अनुरूप कार्य किया जा रहा था, भिस्त्री व मकान ठेकेदार दिनेश को राजकुमार ने कहा कि आप अपना रूपया लगाकर के प्लीन्थ फाउण्डेशन तैयार कर लो, तभी मेरा ऋण का सेक्शन होगा और में रूपया देता रहूँगा। उसने अपने स्वयं के रूपयो से निर्माण स्थल में सभी सामग्री ईट, गिटटा, गिटटी, रेत, सीमेंट, सरिया और निर्माण कार्य में लगने वाली सभी वस्तुयें स्थल पर गिरवाकर काम चालू किया। इसलिए 22.12.2025 को एक अनुबंध पत्र निर्माण कार्य से संबंधित बना लिया है। भवन का फाउण्डेशन , टैंक लेबल तक तैयार किया, जिसमें लगभग उसके 12,80,000 बारह लाख अस्सी हजार रूपए खर्च हो चुके है तथा मौके पर लगभग 86,000 छयासी हजार रूपए का मकान सामग्री पड़ी हुई है।

इसी बीच मकान मालिक राजकुमार की नियत खराब हो गई और वह दिनेश को समय पर पूरा रूपया नही दिया जिससे दिनेश परेशान हो गया तथा रूपये मांगने पर मारने-पीटने की धमकी देने लगा। यहीं नहीं मकान मालिक राजकुमार ने अपना बचाव करते हुए एक झूठी शिकायत पुलिस में किया है। ठेकेदार संघ मे एक आवेदन दिया है और बोलते है कि मैं तो एस टी जाति का हूँ मैं तेरे को आदिवासी एक्ट में फंसाउंगा और लगातार धमकी देने का कार्य करता है। भवन ठेकेदार संघ अध्यक्ष को भी खिला-पिलाकर एवं पुलिस को अपने प्रभाव में रखकर एक सिविल इंजीनियर से गलत रिपोर्ट तैयार कर दिनेश से जबरिया 5,00,000 रूपया वसूल करना चाह रहे है।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट से न्याय की गुहार लगाने शिकायत आवेदन पत्र देते हुए दिनेश ने निवेदन किया है कि मुझे अपनी मजदूरी और महेनताना का 3,66,000 रूपए दिलाया जावे तथा हुई मानसिक क्षति राशि 1,00,000 रूपये एवं काम का हर्जाना 1,00,000 रूपए मकान मालिक राजकुमार से दिलावा दिया जाए।



# दादाबाड़ी जैन स्कूल के बच्चों की नि:शुल्क की गई नेत्र जांच

### 70 से अधिक बच्चों की हुई जांच

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

दादाबाड़ी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट के स्कूली बच्चों के नेत्र परीक्षण निशुल्क किया गया। यह जांच दो दिवस तक चली जिसमें 6 एवं 7 फरवरी को विद्यालय के कक्षा 8 वीं एवं 9 वीं के बच्चों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण हनुमान चौक स्थित सेठिया केयर हॉस्पिटल में किया गया, जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांश सेठिया ने लगभग 70 बच्चों की आंखों की जांच की।

विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांश सेठिया ने कहा कि स्कूल में बच्चों की आँखों की नियमित जाँच हर साल उनके सीखने की प्रक्रिया के लिए बहुत ज़रूरी है, क्योंकि स्कूली शिक्षा में अध्ययन अध्यापन पूर्णत: दृष्टि पर आधारित होता है। जांच में धुंधली दृष्टि, दूर दृष्टि दोष, निकट दृष्टि दोष या आँखों में थकान, पानी आना जैसी सामान्य समस्याओं का पता लगाकर समय पर उपचार किया जा सकता हैं। जाँच के साथ ही सभी बच्चों को आँख की सुरक्षा, स्वच्छता सावधानी नियमित जांच पर समझाइश दी गई, जिस किसी बच्चे को आँख की समस्या है उनके अभिभावक को जानकारी दी जाएगी एवं उनके उपचार की सलाह दी जायेगी।

इस अवसर पर अभय सेठिया, श्रीमती मंजू सेठिया, प्राचार्या एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# सहकारी समिति सहायक प्रबंधक कैडर भर्ती में अनियमितता का आरोप

## बैंक महाप्रबंधक से मिलकर बताई समस्या, हाईकोर्ट जाने दी चेतावनी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।



जिला सहकारी समिति के सहायक प्रबंधकों ने प्रभारी प्रबंधक कैडर भर्ती प्रक्रिया में संदेह जताते हुये इस भर्ती प्रक्रिया का विरोध किया हैं। इस मामले को लेकर शुक्रवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पहुंचकर बैंक प्रबंधक से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। सहकारी समितियों में प्रभारी प्रबंधक के पदों पर भर्ती किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जावेगी।

इस दौरान दिनेश कुमार परिहार म.प्र सहकारी कर्मचारी महासंघ के सहसचिव ने बताया कि प्रभारी प्रबंधक के कैडर में भर्ती होना था। इसमें बिना दावा-आपत्ति का निराकरण किये महज 9 लोगों को ही प्रबंधक के पद की चयन की सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि जिले से करीब 24-25 कर्मचारियों का प्रभारी प्रबंधक पद पर चयन किया जाना था। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा पात्र-अपात्र की सूची जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में बुलाया गया। कर्मचारियों से दावा-आपत्ति पेश करने कहा गया। लेकिन दावा-आपत्ति पेश करने के बाद दोबारा नहीं बुलाया गया। बावजूद बिना पात्र-अपात्र की सूची प्रकाशित किये बैंक प्रबंधक द्वारा 9 लोगों की चयन सूची जारी कर दी गई है जो न्यायसंगत नहीं है। कलेक्टर ने हमारी बात को सुना ही नहीं तो सूची कैसे जारी कर दी गई। चयन सूची में धांधली की गई है और जो प्रक्रिया अपनाई गई है वह संदेहपूर्ण है। इस बारे में जब हम आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रबंधक से मिलने पहुंचे तो उन्होंने हमारी बातों को ठीक से न सुनकर हाईकोर्ट जाने कहा जा रहा है।

इस संबंध में सहकारी समिति शाखा वारासिवनी अध्यक्ष सुरेन्द्र बिसेन ने बताया कि 2019 से लगातार संशोधन होकर संवर्ग गठन सहायक प्रबंधकों को प्रभारी प्रबंधक कैडर भर्ती में लिया जाए। लेकिन अक्टूबर माह में जो भर्ती की सूची का प्रकाशन किया गया था कि कितने पात्र व अपात्र है। इसमें समय दिया गया था कि जारी सूची में कोई संदेह है तो दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। दावा-आपत्ति हम सभी लोगों ने किया था जिसके निराकरण के लिये हमें कलेक्ट्रेट में 24 दिसम्बर को बुलाया गया था। इमसें महज दो-तीन लोगों को कलेक्टर साहब के सामने पेश किया गया था। इसके बाद कलेक्टर द्वारा कहा गया कि जो भी सहायक प्रबंधक को 10 साल हो गये उन सभी को प्रभारी प्रबंधकों के लिये भर्ती लेना था। इनका निराकरण पहले समिति के माध्यम से किया जाए। इसके बाद जिला सहकारी बैंक द्वारा एक कोरे पेज में उपस्थिति ली जा रही है कहकर साईन करा लिया गया है। अब देख रहे है तो दावा-आपत्ति के बाद एक सूची जारी होना था कि हमने इनकी बात सुनी लेकिन सूची प्रकाशित नहीं हुई और 9 लोगों का प्रभारी प्रबंधक का आदेश जारी हो गया। उक्त प्रक्रिया का हम सभी विरोध करते है। इस मामले को लेकर हम सभी हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

### इनका कहना हैं

हमारे द्वारा पूरा प्रयास किया गया कि सारी प्रोसेस नियमानुसार किया जाए। इस बारे में जब पूरी प्रोसेस की गई तो नियमानुसार इन लोगों की पात्रता नहीं आ रही है। कलेक्टर साहब का कहना था कि कमेटी बनाकर एक बार प्रोसेस कीजिए कि कैसे पात्र हो सकते है। सारे दस्तावेज देखने के बाद ये पात्र नहीं पाए गये है। वर्ष 2010 के पहले वालों को ही भर्ती में लिया गया है। उन्हें भर्ती में किसी तरह का संदेह है तो वे न्यायालय की शरण ले सकते है।

**अभिनव बघेल,**
**बैंक महाप्रबंधक बालाघाट**



# बांधवगढ़ से बाघिन का किया गया रेस्क्यू

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 4 वर्षीय स्वस्थ बाघिन का रेस्क्यू किया गया है जो इंक्लोजर में हफ्ते भर टीम की निगरानी में रहेगी। बाघिन को राजस्थान के मुकुंदरा टाईगर रिजर्व में शिफ्टिंग के लिए टीम तैयारी में जुटी हुई हैं जिसे चॉपर हेलीकॉप्टर से ले जाना है।

बाघों के लिए प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक चार वर्षीय स्वस्थ बाघिन को राजस्थान के मुकुंदरा टाइगर रिजर्व भेजने की तैयारी की गई है। बाधिन का रेस्क्यू कर उसे फिलहाल बहेरहा इंक्लोजर में सुरक्षित रखा गया है। बाधिन को शुक्रवार 6 फरवरी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला परिक्षेत्र के आरएफ-327 दमना बीट के जंगल से रेस्क्यू किया गया। वन विभाग के अनुसार, बाधिन पूरी तरह स्वस्थ है और राजस्थान के जगलों में अपना नया क्षेत्र स्थापित करेगी।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि बाघिन को लगभग एक हफ्ते तक इंक्लोजर में रखकर उसकी निगरानी की जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बाधिन को हेलीकॉप्टर के माध्यम से मुकुंदरा टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। विभाग की टीम की ओर से बाघिन का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण और निगरानी की जा रही है।

# मानपुर में संदीपनी सीएम राइज स्कूल बालक, बालिका छात्रावास का भूमि पूजन आज



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** संदीपनी सीएम राइज स्कूल बालिका-बालक छात्रावास मानपुर का नवीन भवन निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि 3 करोड़ 71 लाख है इसका भूमिपूजन कार्यक्रम आज रविवार 8 फरवरी को दोपहर 2 बजे संपत्र होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक सुश्री मीना सिंह होंगी। मानपुर स्थित नवीन संदीपनी सीएम राइस विद्यालय के बगल में विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह जी के करकमलों से नवनिर्मित होने वाले छात्रावास की आधारशिला रखी जाएगी जिसमे मानपुर नपा अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे।

## हाई स्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला शिक्षा अधिकारी आरएस मरावी ने बताया कि हाई स्कूल की परीक्षाएं 13 फरवरी से प्रारंभ होगी जो 6 मार्च चलेगी। परीक्षा का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया कि 13 फरवरी को उर्दू, 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 17 फरवरी को अंग्रेजी, 19 फरवरी को संस्कृत, 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रो के लिए, चित्रकला,गायन वादन, तबला पखावज, कम्प्यूटर, 24 फरवरी को गणित स्टैण्डर्ड, गणित बेसिक, 27 फरवरी को विज्ञान, 2 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 6 मार्च को हिंदी की परीक्षा आयोजित होगी।

# आदर्श कॉलेज में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** परीक्षा पर चर्चा के नवे संस्करण के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने शुक्रवार 6 फरवरी 2026 को देश भर के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में आनलाइन प्रसारण देखा गया। मोदी जी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि परीक्षा के पहले तनाव कम करने का प्रयास करें । शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं ,बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का जरिया होना चाहिए। नंबरों के पीछे भागने की बजाय छात्र-छात्रा अपने जीवन की दिशा को प्राप्त करें। हर छात्र अपनी अपनी पद्धति के अनुसार पढ़ाई करें जिससे वह भले ही अंक कम प्राप्त करें ,लेकिन जीवन कौशल को प्राप्त कर सके। उपरोक्त वाक्यों को उदाहरणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के मन में परीक्षा के प्रति



परीक्षा के दौरान आने वाली कठिनाइयों को स्वयं के उदाहरण के माध्यम से मोदी जी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। आदर्श महाविद्यालय के उपरोक्त कार्यक्रम का प्रसारण महाविद्यालय संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ सीवी सोदिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नियाज अहमद अंसारी की प्रेरणा और प्रशसनिक अधिकारी डा पीएस मरावी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम के माध्यम से जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास ,तनाव प्रबंधन, परीक्षा प्रबंधन के विभिन्न गुणों को समझा। डॉ हरेन्द्र कुमार ने तकनीर्का सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता रही।

# बजट 2026 में ईडब्ल्यूएस, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े सामान्य वर्ग के विकास के लिए क्या राशि आवंटित की जानी चाहिए..?

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** रामलखन सिंह चौहान, संयोजक विंध्य-मैकली साहित्य परिषद ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा रखा गया 2026 - 2027 का बजट समग्रता का नहीं है। बजट में वर्ग के हिसाब से, आरक्षित वर्ग -एसटी ,एससी, ओबीसी एवं अल्प संख्यकों के विकास के लिए हजारों - हजारों करोड़ की राशि रखी गई है किन्तु आरक्षित वर्ग ईडब्ल्यूएस के विकास के लिए कोई राशि नहीं रखी गई है। जब बजट में वर्ग के हिसाब से पृथक - पृथक राशि रखी गई है तब ईडब्ल्यूएस (सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े गरीबों) के विकास के लिए क्या राशि रखी जानी चाहिए थी ? यदि हां तो क्यूं नहीं रखी गई..? यह यक्ष प्रश्न है.? इससे ईडब्ल्यूएस के समानता के मौलिक अधिकार का हनन होता है। जनतंत्र में सरकार गरीबों ( जरूरतमंदों ) के विकास के लिए आर्थिक सहायता कर सकती है ! तो आर्थिक सहायता ई डब्ल्यू एस को भी मिलनी चाहिए थी। यह बजट राष्ट्रीय बजट था जिसमें पूरे राष्ट्र के लिए समग्रता का बजट होना चाहिए था। उद्योगों को छूट दी जा सकती है कि वे अपने घाटा की भरपाई कर सकें तो ईडब्ल्यूएस के आर्थिक पिछड़ें पन को दूर करने के लिए, प्रथक से ईडब्ल्यूएस के लिए अनुदान राशि रखी जाय। एक ओर पिछड़े वर्ग कुछ की जातियां आरक्षण के लाभ लेकर आर्थिक व शैक्षिक दृष्टि से समृद्ध हो गई हैं उन्हें आरक्षित वर्ग से बाहर किया जाना चाहिए था क्योंकी पिछड़े वर्ग को आरक्षण ही शैक्षिक व आर्थिक दृष्टि से पिछड़ेपन के कारण दिया गया था। जब कारण ही नहीं है अर्थात् पिछड़ापन नहीं है तब आरक्षण किस बात पर दिया जा रहा है किन्तु सरकार इस विषय पर चुप्पी साधे हुए है।

# नागपुर के लेग स्पिनर प्रभुकीरत सिंह की घातक गेंदबाजी, पंजाब को रौंदकर नागपुर सेमीफाइनल में

## यह टूर्नामेंट जिले का गौरव है : पुलिस अधीक्षक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शनिवार 7 फरवरी को स्थानीय अमर शहीद स्टेडियम में जिले की सामाजिक,साहित्यिक,सांस्कृतिक एवं खेलकूद संस्था पैराडाइज क्लब उमरिया के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय पैराडाइज गोल्ड कप क्रिकेट महाकुंभ 2026 के 27वें सोपान के तहत विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन नागपुर (महाराष्ट्र) एवं पंजाब के मध्य खेले गए अहम मुकाबले में नागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 58 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में धमाकेदार प्रवेश किया। खिली हुई धूप और दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में नागपुर के कप्तान अगम सिंह कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नागपुर की ओर से आदित्य आहूजा ने 29 गेंदों में 46 रन तथा दीपेश बरमानी ने 37 गेंदों में 45 रनोंकी आकर्षक पारी खेलते हुए टीम को मजबूती प्रदान की, वहीं हिमांशु ने 28 और अब्दुल रहमान ने 34 रनों का योगदान देते हुए



नागपुर को निर्धारित 25 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 200 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।'

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम की ओर से मनीष ने 43 गेंदों में 58 रनों की अर्धशतकीय पारी तथा राहुल ने 16 गेंदों में 33 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, लेकिन नागपुर के घातक लेफ्ट आर्म लेग स्पिनर प्रभुकीरत सिंह की फिरकी के सामने पंजाब के बल्लेबाज टिक नहीं सके। प्रभुकीरत सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 25 रन देकर 5 महत्वपूर्ण विकेट झटके, वहीं अगम सिंह कोहली ने 3 विकेट लेकर पंजाब की पूरी टीम को 20.5 ओवरों में 142 रनों पर समेट दिया।इस शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नागपुर के प्रभुकीरत सिंह को प्रदान किया गया,जिन्हें नगरपालिका अधिकारी किशन सिंह ने अपने करकमलों से 1000 की नगद राशि देकर सम्मानित किया। महत्वपूर्ण मुकाबले के दौरान मध्यांतर में उमरिया जिले के पुलिस अधीक्षक श्री विजय भागवानी ने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पैराडाइज क्लब उमरिया के इस भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे उमरिया जिले के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक श्री डी.के. सारस भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।'

# पीएमश्री डाईट स्कूल में शिक्षण अधिगम सामग्री मेला का हुआ आयोजन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल डाईट बालाघाट में शिक्षण अधिगम सामग्री मेला एवं बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल, मनोज मेश्राम डाईट प्रशिक्षक, श्रीमती मोना जैन उ.मा. शिक्षक गर्रा सहित अन्य की उपस्थिती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी अनुसार, शिक्षण अधिगम सामग्री मेला के माध्यम से विषयवार शिक्षकों के द्वारा बच्चों की नजदीकी परीक्षा को लेकर चित्र व मॉडल रूप में पाठयक्रम को प्रस्तुत करके पढ़ाई कराई गई। ऐसा मानना हैं कि बच्चों को पुस्तक से पढ़ाई के साथ-साथ मॉडल रूप में पाठयक्रम के अंतर्गत विषयों को समक्षाए जाए तो बच्चे भूल नहीं पाते हैं, और इसी उद्देश्य से कक्षा 6वीं से कक्षा 10 वीं के बच्चों को विषयांतर्गत शिक्षकों ने बारी-बारी से अपने-अपने विषय के पाठयक्रम आधारित आकृषक आकृति व मॉडल बनाकर बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। जिसमें विषयनुसार शिक्षको ने मॉडल बनाए जैसे कृषि आधारित, विज्ञान में मानव शरीर, संस्कृत में संधिया व अन्य, हिन्दी में व्याकरण सहित अन्य आधार से बच्चो को समझाया गया। शिक्षण अधिगम सामग्री मेला शिक्षकों ने भाग लिया जिसमें ममता मिश्रा, सुनीता कटरे, ललीता चौधरी, ममता वराडे, खोमेश्वरी नगपुरे, नीता पटले, मुलतेश्वरी बिसेन, संतोष दलधोबिया, संतोष चौधरी, मुकेश बड़ीचार एवं पुनीत शर्मा, सुप्रिया एडवीन ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक डाईट प्रशिक्षक मनोज मेश्राम एवं श्रीमती मोना जैन(शर्मा) उ.मा.विद्यालय गर्रा भी मौजूद रहें।

## पेंशनर संघ की बैठक संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गौंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक बीके राय की अध्यक्षता में तथा डॉक्टर ओपी तपा, पूरनसिंह ठाकुर, केडी दुबे, एमआर धुर्वे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक के 24 फरवरी को प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय महासमिति के निर्देश पर समस्त जिला शाखा मुख्यालय में एक दिन का धरना ज्ञापन तथा रैली का आयोजन किए जाने पर चर्चा हुई। 24 फरवरी को दोपहर बाद 1 बजे से बैगा बेगी चौक में जिले के पेंशनर्स एकत्र होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपेंगे।

## लीग में बटालियन बनी विजेता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में मंडला पुलिस प्रीमियर लीग 2026 का समापन अत्यंत उत्साह अनुशासन एवं खेल भावना से परिपूर्ण प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ पुलिस प्रीमियर लीग 2026 का सफलता पूर्वक समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, डिप्टी कमांडेंट प्रदीप शेंडे, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, असिस्टेंट कमांडेंट बलवीर चावण्ड एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। समापन दिवस पर फाइनल मैच एसएएफ स्ट्राइकर एवं हेडक्वार्टर हाईफ्लेम के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि संजय कुशराम द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई।

## पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा की उपस्थिति में पेट्रोल पंप संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के पालन में बिना हेलमेट धारण किए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदाय न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं जिला मंडला के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों की घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में स्थित सभी पेट्रोल पंप संचालकों, प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे दोपहिया वाहन चालक जिन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुरूप हेलमेट धारण नहीं किया हो उन्हें पेट्रोल प्रदाय नहीं किया जाए।

## बड़ी खैरी पेयजल बाधित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागखंड अंतर्गत संचालित बड़ी खैरी समूह नल जल योजना के इंटेकवेल में स्थापित मोटर पंप तकनीकी खराबी के कारण वर्तमान में कार्यशील नहीं है। उक्त मोटर पंप में आई खराबी के निराकरण के लिए आवश्यक मेंटेनेंस मरम्मत कार्य विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है मरम्मत कार्य पूर्ण होने में समय लगने के कारण आगामी 7 दिवस तक संबंधित ग्रामों क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय अस्थायी रूप से बंद रहेगा। मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही पेयजल आपूर्ति पुन: यथावत प्रारंभ कर दी जाएगी।

## परीक्षा के प्रभारी नियुक्त

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर के निर्देशानुसार जिले में राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 26 अप्रैल को आयोजित की जा रही है। जिले में इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन को परीक्षा प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# समस्याओं के निराकरण न होने पर सामूहिक हड़ताल एवं धरना को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद, 13 फरवरी से करेंगे आंदोलन

मण्डला(स्वतंत्रमत)





जिले के विकासखण्ड मोहगांव अंतर्गत विभिन्न समस्याओं के निराकरण न होने पर सामूहिक हड़ताल एवं धरना आंदोलन के संबंध में सूचना ज्ञापन विभिन्न समस्याओं को लेकर विगत वर्षों से अनेक बार पत्राचार किया गया है किन्तु समस्याओं का आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है। इससे परेशान होकर समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सात दिवस के अंदर समाधान न होने पर 13 फरवरी से विकासखण्ड मोहगांव के क्षेत्रवासियों के साथ एकत्रित होकर बड़ चौराहा मोहगांव में अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं घरना प्रदर्शन किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी 12 फरवरी तक उल्लेखित समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है 13 फरवरी से धरना प्रदर्शन होगा। मांग है कि जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 अंतर्गत ग्राम झुरगी, पोंडी, भानपुर, गिठार मलपहरी, गिठार एवं खाल्हेगिठौरी ग्रामों में उद्वहन सिंचाई की व्यवस्था की जाये ताकि क्षेत्रीय किसानों को सिंचाई की सुविधा का लाभ मिल सके विकासखण्ड मोहगांव में सब्जी मण्डी एवं गल्ला मण्डी की स्थापना की जावे, ग्राम खाल्डेगिठौरी से टिकरा गिठौरी तक पहुंच मार्ग निर्माण कराया जावे,यह कि आदिवासी अंचल क्षेत्र मोहगांव से छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय डिण्डौरी अथवा मण्डला जाते है। मोहगांव से मण्डला की दूरी 50 किमी एवं मोहगांव से डिण्डौरी की दूरी लगभग 70 किमी होती है जिसमें छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अधिकांश छात्र छात्राएं बीच में ही अपना अध्ययन कार्य छोड़ देते है अत: मोहगांव में कृषि महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत झुरगी पौंड़ी के पोषक ग्राम झुरगी वार्ड क्रं-1 नावघाट मोहल्ले के बीच नाला में पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जावे प्राथमिक शाला झुरगी से हाई स्कूल पौड़ी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाये ग्राम पंचायत गिठार मलपहरी के पोषक ग्राम रमपुरी तालाब टोला भारतीया मोहल्ला वार्ड क्रमांक-4 में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जावे ग्राम पंचायत खाल्डेगिठौरी के हरिजन मोहल्ला में पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जावे। ग्राम पंचायत गिठार मलपहरी के कुण्डाटोला में आवागमन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाये ग्राम पंचायत निठार अंतर्गत आमाटोला में प्रा.शा.भवन जीर्णशीर्ण होने के कारण विद्यालय के बच्चे अतिरिक्त कक्ष के एक कमरे में कक्षा 1 से 5 तक संचालित की जा रही है। उक्त अतिरिक्त कक्ष भी जीर्णशीर्ण है। अत: प्राशा भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत गिठार मलपहरी अंतर्गत ग्राम रमपुरी में उन्नयन प्रा.शा. गिठारमलपहरी संचालित है लेकिन विद्यालय भवन न होने से अतिरिक्त कक्ष के एक ही कमरे में कक्षा 1 से 5 तक संचालित की जा रही है। अत: नवीन प्रा.शा.भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत गिठार अंतर्गत नवीन प्रा.शा. तिहाई भानपुर में किचिन शेड जर्जर अवस्था में होने के कारण रसोईयों द्वारा भोजन बनाने का कार्य विद्यालय के अंदर ही किया जा रहा है जिससे कि बच्चों के अध्ययन कार्य में व्यवधान होता है अत: नवीन किचिन शेड की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत खाल्हेगिठौरी में उन्नयन प्रा.शा. मुकद्दम टोला खाल्हेगिठौरी में विद्यालय भवन ही नहीं है जिससे कि अतिरिक्त कक्ष में कक्षा 1 से 5 तक अध्यापन कार्य एक साथ कराया जाता है साथ ही विद्यालय का किचिन शेड जर्जर अवस्था में है अत: नवनी किचिन शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत बड़झर अंतर्गत प्रा.शा. बड़झर एवं प्रा.शा. पड़ादर में विद्यालय भवन जीर्णशीर्ण होने के कारण सभी बच्चे एक साथ अतिरिक्त कक्ष में बैठकर पढ़ने को मजबूर है और यहा किचिन शेड भी जीर्णशीर्ण हैं अत: नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत झुरगीपौंडी अंतर्गत जनपद प्रा.शा. पौंड़ी में भवन ही नहीं है अतिरिक्त कक्ष में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। साथ ही इस विद्यालय में किचिन शेड भी नहीं है अत: नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान की जावे ग्राम पंचायत कौआडोंगरी अंतर्गत प्रा.शा. सकरी में विद्यालय भवन नहीं है इस कारण कक्षा 1 से 5 तक अध्ययन करने वाले बच्चे अतिरिक्त कक्ष में एक साथ बैठकर अध्ययन करने को मजबूर है। अत: नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान की जावे आंगनबाडी केन्द्र आदिवासी टोला पौडी, आंगनबाडी केन्द्र ठिहाई भानपुर किराये के भवन में संचालित है, आंगनबाड़ी केन्द्र पड़ादर, आंगनबाडी केन्द्र औढ़ारी एवं आंगनबाड़ी केन्द्र खाल्हेगिठौरी में आंगनबाडी भवन जीर्णशीर्ण हैं भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। अत: नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान की जावे। विकासखण्ड मोहगांव के अंतर्गत उन्नयन प्रा.शा. कुण्डाटोला मलपहरी में भी भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। वर्षाकाल में किसी अनिष्ट होने की आशंका है। नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान किया जावे ।

मोहगांव विकासखण्ड अंतर्गत जिन शालाओं के शिक्षकों को अन्यन्त्र विद्यालय में संलग्नीकरण किया गया है उन शिक्षकों को अपनी मूल शाला में वापिस किया जावे ताकि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो अत: उपरोक्तानुसार क्रंमांक 1 से 19 तक के बिन्दुओं का निराकरण 7 दिवस के अन्दर नहीं होता है तो 13 फरवरी से विकासखण्ड मोहगांव के क्षेत्रवासियों के साथ एकत्रित होकर बड़ चौराहा मोहगांव में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बजट से निवेश उद्योग और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे : मंत्री

मण्डला(स्वतंत्र मत)




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले इस बजट में मध्यप्रदेश के आर्थिक औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरी अधोसंरचना के विस्तार और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के विकास से प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा मिलने से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट सभी वर्गों की आशाओं को पूरा करने वाला तथा प्रदेश को दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। गौरव गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास, जन आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना स्पष्ट दिखाई देती है। लखपति दीदी योजना, पशुपालन प्रोत्साहन, अमृत सरोवर योजना और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने वाले निर्णय ग्रामीण रोजगार और स्वरोजगार को नई दिशा देंगे। सेवा क्षेत्र, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश से मध्यप्रदेश को नया आर्थिक आधार मिलेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार कार्यालय मंत्री थामन बरमैया उपस्थित रहे।

# पुलिया विवाद: सचिव ने सीईओ को दिया आवेदन

मण्डला(स्वतंत्र मत)



भानपुर बिसौरा ग्राम पंचायत में विधायक निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत भानपुर बिसौरा के सचिव लक्ष्मणदास बैरागी पिटानिया ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी निवास को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच मांग की है ज्ञापन में सचिव ने बताया कि ग्राम बिसौरा निवासी आलेख तिवारी द्वारा पुलिया निर्माण कार्य के नाम पर 61,000 की मांग की जा रही है। भुगतान न होने की स्थिति में उनके द्वारा 181 में शिकायत, सूचना का अधिकार आवेदन, ई-मेल तथा अन्य माध्यमों से लगातार दबाव बनाया जा रहा है सचिव का कहना है कि संबंधित कार्य का मूल्यांकन कर नियमानुसार संपूर्ण भुगतान पहले ही किया जा चुका है जो तत्कालीन सरपंच श्रीमती द्रोपती बाई सर्वटे द्वारा आहरित किया गया था। नियमों के अनुसार जिस राशि का आहरण होता है उसी के अनुरूप भुगतान किया जाता है इसके अतिरिक्त सचिव की पत्नी के नाम से उप निर्वाचन कार्य के दौरान बोलेरो वाहन से निर्वाचन सामग्री परिवहन हेतु 2400 का वैध बिल लगाए जाने को भी फर्जी बताकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया है। इससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है और कार्य प्रभावित हो रहा है। सचिव ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से विधायक निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य की जांच कराकर उन्हें न्याय दिलाने मांग की है। बता दें कि इन दिनों निवास जनपद क्षेत्र में तरह-तरह की शिकायतों का दौर दिखाई दे रहा है। अधिकांश शिकायतें निजी स्वार्थ पूरे न होने के चलते की जा रही हैं। ऐसा ही यह मामला इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा मामले की उचित जांच कराने और परेशान किये जाने पर शिकायत करने से नया मोड़ आ गया है। निवास क्षेत्र में अनेक वेंडर गैर तरीके से सरकारी कामों को हथिया रहे हैं इस क्षेत्र के सरपंच सचिव परेशान बताये जा रहे हैं।

# मां सिद्ध चितराही मेला में भक्तों का जन सैलाब

मण्डला(स्वतंत्र मत)



जिले के समीप बम्हनी से अंजनिया मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत सिलगी के मुख्य मार्ग पर स्थित प्राचीन मां सिद्ध चितराही माता मंदिर प्रांगण में 1 फरवरी से 3 फरवरी तक प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया गया तीन दिवसीय इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर दराज से आए श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली मेले के प्रथम दिवस 1 फरवरी को संगीतमय नृत्य के साथ अखंड श्रीराम धुन का आयोजन किया गया जिसमें भक्तजन पूरे श्रृद्धा भाव से सम्मिलित हुए द्वितीय दिवस 2 फरवरी की रात्रि में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन हुआ जहां कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रृद्धालुओं का मन मोह लिया तृतीय दिवस 3 फरवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक 9 वर्षीय बाल कन्या दीदी प्रतिष्ठा दुबे के मुखारविंद से रुचिर प्रसंगों पर आधारित सुमधुर संगीतमय प्रवचन प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात हवन-पूजन, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया रात्रि में देवी जस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जस पर आधारित मनमोहक झांकियों के साथ कुल 6 प्रतिभागी टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम स्थान जस गायन महिला मंडल ग्राम घटिया 225 अंक द्वितीय स्थान जस गायन मंडल ग्राम लफरा 219 अंक तृतीय स्थान जस गायन मंडल, सर्री 213 अंक चतुर्थ हृदयनगर पंचम बीजेगांव षष्ठ तलैयाटोला, देवगांव प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को जनपद पंचायत जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंगोर द्वारा 5100 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान की टीम को नगर परिषद उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद नंदा द्वारा 3100 तथा तृतीय स्थान की टीम को भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा 2100 की राशि प्रदान की गई ग्राम पंचायत सचिव संजू पुष्पकर द्वारा प्रथम तीनों टीमों को 11-11 फील्ड प्रदान किए गए वहीं शेष तीन टीमों को चितराही माता मंदिर समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 1100-1100 की राशि प्रदान की गई इस अवसर पर बंजारा महासभा जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार बंजारा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में चितराही माता मंदिर समिति के संरक्षक संतोष गोयल, संरक्षक मनोज पटेल, सह-संरक्षक अनुभव तिवारी, अध्यक्ष राधेलाल पटेल, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रोल, कोषाध्यक्ष गणेश पटेल, सचिव बलराम साहू, उपाध्यक्ष भिखम यादव, मार्गदर्शक सुलोचना श्रीवास, व्यवस्था प्रमुख अशोक, उपाध्यक्ष केशव पुष्पकर, भुवनेश्वर पटेल, बीरन रमेश सहित समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा साथ ही ग्राम सिलगी सरपंच संतराम उइके सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुनीत सोनी, संदीप चंद्रोल तथा सक्रिय सदस्य केदार पटेल, नरेंद्र पटेल एवं बिहार पुष्पकर के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## अवैध शराब के विरुद्ध की कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मंडला शहर के समीप स्थित ग्राम खड़देवरी के किनारे नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र में दबिश की कार्यवाही की गई जिसमें मदिरा का निर्माण अवैध रुप से करने वाले अड्डों पर की कार्यवाही में मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों से लगभग 95 डब्बे महुआ लाहन के भरे हुए बरामद किए। नदी के पास रेत में डिब्बे दबाकर रखे हुए पाए गए। प्रत्येक डिब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा पाया कुल 950 किलो महुआ लाहन बरामद किया। महुआ लहान के डब्बो को घटनास्थल पर नष्ट किया गया। अड्डो से लगभग 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई आबकारी विभाग की टीम को देख आरोपी भाग गए। मदिरा का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया। जप्त मदिरा एवं नष्ट महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1,06,250। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक शैली सैयाम, सर्वेश नागवंशी, आबकारी मुख्य आरक्षक हरेसिंह उइके, दुर्जन कुलेश, भानु पुसाम, आरक्षक नेतराम काकोटिया, महेश पटेल रघुनाथ उइके, सत्यपाल मरावी शकुंतला सैयाम, प्रिया नायडू, कन्हैया उइके उपस्थित रहे।



## हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कर स्थापित की प्रतिमा

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का भव्य रूप से जीर्णोद्धार कर श्रद्धा और आस्था के साथ हनुमान जी की प्रतिमा की पुन: स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 5 फरवरी को वेदी पूजन एवं पर्षकुटी प्रवेश किया गया। वहीं 6 फरवरी को पूजन अधिवास एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान महाराज की प्रतिमा को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। बैड-बाजों, जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, श्रद्धालु और सामाजिक संगठनों की सहभागिता देखने को मिली। वहीं 7 फरवरी को प्रात:काल 52 कलशों से स्नान प्राण प्रति-ष्ठता हवन से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। विधि-विधान, मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के साथ हनुमान जी की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच जैसे ही प्रतिमा स्थापित हुई जहां जय-जय श्रीराम जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा। प्रतिमा स्थापना के उपरांत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया ।



# न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नैनपुर न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके उपस्थित रहीं। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधि, संविधान और न्याय की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश श्रीमान कमल जोशी जी जिला विधिक सेवा समिति के सचिव श्रीमान तपन धारगा जी , विशेष न्यायाधीश श्रीमान राजेश कुमार रावतकर जी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश विवेकानंद त्रिवेदी , विवेक रंजन चौबे , सुबोध कुमार विश्वकर्मा , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमान मो जफर खान , न्यायिकमजिस्ट्रेट अल्तमश रहमान, नैनपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट आदिल खान, जबलपुर हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा अन्य न्यायाधीश की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने और आमजन को समय पर न्याय दिलाने में अधिवक्ता संघ के योगदान की सराहना की। वही परिसर में अधिवक्ताओ के चेम्बर के लिए विधायक निधि से 20 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष सुनील जंघेला, सचिव अशोक झारिया, सह सचिव संदीप प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी, ग्रंथालय प्रभारी अभिलाष कांत झारिया के अलावा सदस्यों में अधिवक्ता महेश राय, सीता झारिया, कुंदन भूरिया, नीलोफर खान, आशा सिंगारे, शिव प्रसाद झारिया और कामता मरकाम ने न्याय और संविधान की गरिमा को बरकरार रखने की शपथ ली। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में न्यायिक अधिकारीगण, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मशीन विवेक कहां से लाएगी? तकनीक आगे बढ़ेगी, पर फैसला इंसान ही करेगा

देवेश त्रिपाठी



कॉलेज के दिनों में मुझे मध्यकालीन अध्ययन के एक सेमिनार में शामिल होने का अवसर मिला। विषय था–ब्रिटिश कॉमन लॉ की उत्पत्ति। वहां मैंने जाना कि 14वीं सदी के इंग्लैंड में न्यायाधीश किस तरह संपत्ति से जुड़े विवादों का निपटारा करते थे। जब गवाहों के बयान आपस में टकराते और दस्तावेज अधूरे या अस्पष्ट होते थे, तब न्यायाधीश अपनी तार्किक क्षमता और विवेक का इस्तेमाल करके निर्णय लेते थे। उस सेमिनार की सीख आज भी मेरे काम आती है। वह मुझे पढ़ने, शोध करने और विश्लेषण करने वाली गहरी शिक्षा की अहमियत की याद दिलाती है।

मेरी कॉलेज की शिक्षा ने मुझे यह नहीं सिखाया कि क्या सोचना है, बल्कि यह सिखाया कि कैसे सोचना है। तकनीकी प्रभुत्व वाली इस दुनिया में रणनीतिक और वित्तीय फैसले लेते समय यही नजरिया सबसे ज्यादा कारगर साबित होता है। आज जितनी भी बोर्डरूम चर्चा होती है, हरेक के केंद्र में एआई होता ही है। निस्संदेह एआई परिवर्तनकारी साबित होगा। फिर भी, बहुत कुछ ऐसा भी है, जो बिल्कुल नहीं बदलेगा। उनमें सबसे प्रमुख है इन्सानी विवेक। विवेक से मेरा तात्पर्य है–परस्पर विरोधी मूल्यों और मतभेदों के बीच मध्यस्थता करने की क्षमता; उन पहलुओं पर विचार करने का हुनर, जो अपने आप में महत्वपूर्ण तो हैं, पर जिन्हें एकसाथ पूरा नहीं किया जा सकता; और श्रेष्ठ विकल्प तक पहुंचने के लिए कई रास्तों पर विचार करने का कौशल। यह एक अद्वितीय मानवीय कौशल है।

**विवेक एक ऐसा अद्वितीय मानवीय कौशल है, जिसका स्वचालन नहीं किया जा सकता, निकट भविष्य में तो बिल्कुल नहीं।**

हाल ही में, मेरा एक ग्राहक अपने व्यवसाय का एक हिस्सा बेचना चाहता था। उसके सामने दो विकल्प थे–या तो उस तेजी से बढ़ने वाली इकाई को बेच दिया जाए, जो अस्थिर थी व मुख्य कारोबार का केंद्र नहीं थी, या फिर उस धीमी गति से बढ़ने वाली इकाई को बेचा जाए, जो कंपनी के उद्देश्य और मिशन से अधिक मेल खाती थी। एआई आधारित विश्लेषण ने धीमी वृद्धि वाले व्यवसाय को बेचने की सिफारिश की। लेकिन मानवीय विवेक ने दूसरा रास्ता दिखाया कि उतार–चढ़ाव वाली इकाई को बेचें और दूसरी को बेहतर बनाएं।

हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि कौन–सा रास्ता सही साबित होगा, लेकिन मैं एआई के उत्तर की निश्चितता देखकर दंग रह गया। बेशक एआई पैटर्न पहचानने, कोड बनाने और भारी मात्रा में टेक्स्ट व डाटा को संकलित करने में सक्षम है। पर किसी को यह तय तो करना ही होता है कि विश्लेषण भरोसेमंद है या नहीं, उसके निहितार्थ क्या हैं और उस पर अमल करना समझदारी होगी या नहीं। यही वे जगहें हैं, जहां तकनीक नहीं, बल्कि मानव विवेक निर्णायक भूमिका निभाता है।

पिछले वर्ष एक बोर्ड यह जानना चाहता था कि उसे एक व्यावसायिक सौदे के लिए कितनी बोली लगानी चाहिए। एआई ने एक ऐसी राशि सुझाई, जो मुझे कम लगी। फिर चर्चा हुई कि क्या सौदे की कीमत अधिक रखनी पड़ेगी। जैसा कि अपेक्षित था, जब कंपनी ने एआई द्वारा सुझाई कीमत का प्रस्ताव दिया, तो उसे निरस्त कर दिया गया। बाद में, अधिक कीमत की पेशकश स्वीकार कर ली गई और सौदा सफल रहा। सौदे को लेकर एआई मानवीय पहलुओं को नहीं समझ सका, जिसे मानवीय निर्णय ने बखूबी समझा। इसी वजह से मुझे संदेह है कि एआई जल्द मानवीय पहलुओं की बराबरी लेगा।

उच्च शिक्षा और व्यवसाय में लोगों को विशेषज्ञता की तरफ धकेलने का चलन है। एआई इस दबाव को और बढ़ा देता है। आम सोच यह है कि अगर मशीनें सामान्य काम कर सकती हैं, तो इन्सानों को खास कामों पर ध्यान देना चाहिए। मेरा मानना है कि इसका उल्टा सच है। जैसे–जैसे नियमित विश्लेषण स्वचालित होता जाएगा, पेशेवरों को जो चीज अलग बनाएगी, वह होगी अलग–अलग क्षेत्र में चीजों को समझने की क्षमता, ऐसे पैटर्न देखना, जो विशेषज्ञ नहीं देख पाते, और सही फैसला लेना।

नियुक्ति करते समय व्यावसायिक नेतृत्वकर्ता ऐसे लोगों की तलाश करते हैं, जो विश्लेषण करने, खुद को बदलने, नए कौशल सीखने और नई जानकारियों से लैस होने में तेजी से सक्षम हों। सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार स्वतंत्र रूप से सोचते हैं, बिना किसी निर्देश का इंतजार किए अनिश्चितता के बीच रास्ता निकालते हैं। मशीन इन गुणों की नकल नहीं कर सकती। ऐसे उम्मीदवार एआई का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में करते हैं, बैसाखी के रूप में नहीं। बहुत पहले हुए उस मध्यकालीन कानून सेमिनार ने मुझे वित्त और अर्थशास्त्र के मेरे पाठ्यक्रम से ज्यादा इस दुनिया के लिए तैयार किया। जैसे सदियों पहले उन जजों ने सही–गलत की बहस के बीच फैसले दिए, जहां सबूत मिश्रित और अधूरे थे, वैसे ही आज पेशेवरों के पास ऐसा हुनर होना चाहिए कि वे उन जगहों पर चीजों को बेहतर बना सकें, जहां मशीनें काम नहीं कर सकतीं।


### नैपकिन एआई

यह स्मार्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल है, जो साधारण टेक्स्ट को तुरंत प्रोफेशनल, कस्टमाइजेबल और देखने में आकर्षक डायग्राम और इन्फोग्राफिक्स में बदल देता है, जिन्हें प्रेजेंटेशन या डॉक्यूमेंट्स में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें उपयोगकर्ता को केवल अपना टेक्स्ट डालना होता है। इसके बाद यह एआई उस टेक्स्ट का विश्लेषण करता है और उपयुक्त आइकॉन, लेआउट और कनेक्टर्स सुझाता है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो कम समय में प्रभावशाली विजुअल कंटेंट बनाना चाहते हैं। यह टूल उच्च गुणवत्ता के विजुअल्स कम समय में तैयार करने की सुविधा देता है।

## कमी रोशनी में नहीं, खिड़कियों में है : जानें दृष्टिकोण बदलने से कैसे सब कुछ बदल जाता है

हिमांशु चंदेल

हमारी मान्यताएं ही संसार को देखने की खिड़कियां होती हैं। इन्हीं खिड़कियों से झांककर हम लोगों, परिस्थितियों और स्वयं को समझने की कोशिश करते हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब हम यह मान लेते हैं कि ये खिड़कियां हमेशा साफ ही रहेंगी। समय के साथ उन पर धूल जमती जाती है। अनुभवों की धूल, डर की परतें, असफलताओं की छाया और समाज से मिली अधूरी सीखें धीरे–धीरे हमारी दृष्टि को धुंधला कर देती हैं। तब हमें लगता है कि दुनिया अंधेरी है, जबकि सच यह है कि रोशनी आ ही नहीं पा रही।



हर इन्सान अपने जीवन में कुछ धारणाएं बना लेता है। हमें सिखाया जाता है कि क्या संभव है और क्या असंभव, क्या सही है और क्या गलत। धीरे–धीरे ये बातें हमारे भीतर इतनी गहराई से बैठ जाती हैं कि हम उन्हें सत्य मान लेते हैं। हम भूल जाते हैं कि ये केवल विचार हैं, स्थायी सच नहीं।

जब हम इन्हें बिना प्रश्न किए स्वीकार कर लेते हैं, तब हमारी सोच सीमित हो जाती है और हम नए रास्तों को देखने से चूक जाते हैं। मान्यताओं की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे हमें सुरक्षित महसूस कराती हैं। जब हम स्वीकार करते हैं कि हो सकता है हमने अब तक चीजों को अधूरा या गलत समझा हो। यही स्वीकार्यता ही सीख की पहली सीढ़ी है। जब हम अपनी सोच को जकड़ लेते हैं, तब हम दूसरों के बदलने की संभावना को भी नकार देते हैं। इससे न केवल हमारे रिश्ते सीमित हो जाते हैं, बल्कि हमारी समझ भी संकीर्ण हो जाती है।

अपनी मान्यताओं को साफ करना निरंतर चलने वाला अभ्यास है। जब हम अपनी खिड़कियां साफ करते हैं, तब दुनिया हमें नए रंगों में दिखाई देती है। हमें समझ आता है कि हर विचार में कुछ न कुछ सीख छिपी हो सकती है। हम अधिक सहनशील बनते हैं, अधिक संवेदनशील बनते हैं। तब ज्ञान केवल जानकारी नहीं रह जाता, वह समझ बन जाता है। और समझ हमें केवल सफल नहीं बनाती, बल्कि मानवीय भी बनाती है। रोशनी हमेशा बाहर मौजूद रहती है। कमी रोशनी में नहीं, हमारी खिड़कियों में होती है। यदि हम समय–समय पर अपनी मान्यताओं को परखते रहें, उन्हें साफ करते रहें, तो न केवल हमारा दृष्टिकोण बदलता है, बल्कि हमारा पूरा जीवन उज्ज्वल हो जाता है।

## मोटापा सिर्फ दिल का नहीं, दिमाग का भी दुश्मन, डिमेंशिया का बढ़ रहा है खतरा

अनन्या मिश्रा

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रॉनिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, हृदय रोग और मेटाबॉलिज्म की समस्या के लिए खानपान और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को प्रमुख कारण माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि सभी लोगों को अपने वेट को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। बढ़ते वेट या हाई बॉडी मास इंडेक्स की स्थिति कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण पाया गया है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों का वेट अधिक होता है, उनमें हृदय से संबंधित बीमारियां, टाइप–2 डायबिटीज और आर्थराइटिस का खतरा तो रहता ही है। साथ ही मोटापे को दिमागी सेहत के लिए भी खतरनाक पाया गया है।



**डिमेंशिया का खतरा**– एक अध्ययन के आधार पर दुनिया के जाने–माने हेल्थ एक्सपर्ट ने अलर्ट किया है कि वेट ज्यादा होने या मोटापे की वजह से व्यक्ति में डिमेंशिया का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में अगर समय रहते वेट लॉस कर दिया जाए और बीपी को कंट्रोल कर लिया जाए, तो डिमेंशिया के लाखों मामलों को रोका जा सकता है।एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बीएमआई और वैस्कुलर डिमेंशिया के बीच सीधा संबंध पाया है। दिमाग में खून के प्रवाह में कमी की वजह से वैस्कुलर डिमेंशिया होता है। यह दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और कोशिकाएं डेड होने लग जाती हैं। यह दिमाग में छोटी खून की नसों के ब्लॉक होने या सिकुड़ने की वजह से होता है। जिसको अक्सर लाइफस्टाइल कारकों या स्ट्रोक से जोड़कर देखा जाता है। मोटापे के शिकार लोगों में स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ भी सभी लोगों को कम उम्र से अपने वेट को कंट्रोल रखने पर ध्यान देने की सलाह देते हैं।

**हाई बीएमआई और डिमेंशिया का लिंक**–एक अध्ययन में पाया गया है कि हाई बीएमआई और हाई बीपी डिमेंशिया के सीधे कारण हैं। बढ़े हुए वेट और ब्लड प्रेशर का इलाज और रोकथाम डिमेंशिया के रोकथाम में काफी मददगार हो सकता है।

इस अध्ययन के लिए 5 लाख से ज्यादा प्रतिभागियों को शामिल किया गया। इसमें उनके वजन और कारणों की जांच की गई। जिन लोगों का बीएमआई जेनेटिकली अधिक था, उनमें वैस्कुलर डिमेंशिया होने का खतरा अधिक पाया गया।डिमेंशिया के बढ़े हुए खतरे को करीब एक चौथाई हिस्सा हाई बीपी की वजह से था। एक्सपर्ट की मानें, यह अध्ययन दिखाता है कि वेट और ब्लड प्रेशर की रोकथाम के लिए किए गए उपाय दिमाग की इस खतरनाक बीमारी के खतरे को कम करने वाले साबित हो सकते हैं।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट**– एक्सपर्ट के अनुसार, डिमेंशिया एक खतरनाक बीमारी है, जिससे अभी भी दुनियाभर में 50 मिलियन से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि इसके इलाज और बचाव के तरीके कम हैं। यह अध्ययन आपको डिमेंशिया से बचाव के लिए एक कारगर उपाय दे रहा है।

**मोटापे का शिकार**– एक्सपर्ट की मानें, तो जिन लोगों का वेट सामान्य से अधिक है, उनमें दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और जोड़ों की समस्याओं जैसे अर्थराइटिस का खतरा अधिक हो सकता है। वेट चेक करने के लिए बॉडी मास इंडेक्स की जांच को कारगर तरीका माना जाता है। हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि मोटापे के खतरे का पता लगाने में वेस्ट–टू–हाट रेशियो बीएमआई की तुलना में अधिक बेहतर हो सकता है।

**मोबाइल गेम की अंधेरी दुनिया**

## अपने बच्चों को डिजिटल नहीं, इमोशनल टच दें

विनोद पाठक

वैसे यह चर्चा नई नहीं है, लेकिन गाजियाबाद की एक सोसायटी में तीन बहनों की सामूहिक खुदकुशी के बाद मोबाइल गेम्स की अंधेरी दुनिया एकबार फिर चर्चाओं में है। तकनीक के स्याह कोनों से कुछ ऐसी अदृश्य परछाइयां उभर रही हैं, जो हमारे घर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले कोनों, बच्चों के कमरों तक पहुंच गई हैं। ब्लू व्हेल, मोमो चैलेंज जैसे नाम महज कुछ मोबाइल गेम नहीं हैं, बल्कि ये किशोरों की कोमल संवेदनाओं और उनके अनछुए अकेलेपन को निशाना बनाने वाले मनोवैज्ञानिक जाल हैं। किशोरों द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी भावी पीढ़ी एक गहरे मानसिक संकट से जूझ रही है, जिसे हम अक्सर सिर्फ इंटरनेट का प्रभाव कहकर टाल देते हैं।

किशोरावस्था एक ऐसा दौर होता है, जहां व्यक्ति अपनी पहचान की तलाश में होता है। इस उम्र में रोमांच और स्वीकृति की भूख सबसे अधिक होती है। ब्लू व्हेल जैसे खतरनाक मोबाइल गेम इसी का लाभ उठाते हैं। ये गेम किसी सामान्य वीडियो गेम की तरह नहीं होते। ये सोशल इंजीनियरिंग और बिहेवियरल कंडीशनिंग के सिद्धांतों पर काम करते हैं। शुरुआत में ये गेम बहुत छोटे और उत्साहजनक टास्क देते हैं, जिन्हें पूरा करने पर बच्चे को बहादुर होने का अहसास कराया जाता है। यह अहसास उसके दिमाग में डोपामाइन का स्राव करता है, जो उसे और अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाता है।

धीरे–धीरे, ये टास्क डरावने और आत्मघाती होने लगते हैं। यहां सनक और डर का एक ऐसा कॉकटेल तैयार किया जाता है, जहां बच्चा चाहकर भी पीछे नहीं हट पाता। मनोवैज्ञानिक इसे गैसलाइटिंग कहते हैं, जहां अपराधी बच्चे को यह यकीन दिला देते हैं कि अब पीछे हटने का रास्ता बंद हो चुका है। मौत ही एकमात्र समाधान है।

नींद की कमी (चूंकि कई टास्क रात के अंधेरे में पूरे करने होते हैं) सोचने–समझने की शक्ति को क्षीण कर देती है, जिससे किशोर पूरी तरह से क्यूबरेटर (एडमिन) के नियंत्रण में आ जाता है।

खतरनाक मोबाइल गेम के संकट को रोकने के लिए सरकार की भूमिका केवल प्रतिबंध लगाने तक सीमित नहीं हो सकती। अक्सर देखा गया है कि जैसे ही सरकार किसी एक लिंक या ऐप को ब्लॉक करती है, वह किसी दूसरे नाम या रूप में फिर से सक्रिय हो जाता है। सरकार को यहां रिएक्टिव होने के बजाय प्रोएक्टिव होने की आवश्यकता है।



सर्वप्रथम, सरकार को शिक्षा प्रणाली में डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। स्कूलों में केवल कंप्यूटर चलाना सिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल नागरिकता और इंटरनेट के खतरों की पहचान करना सिखाना समय की मांग है। दूसरा, प्रत्येक जिले में साइबर–साइकोलॉजी विंग की स्थापना होनी चाहिए, जहां प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक और साइबर विशेषज्ञ मिलकर काम करें। सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए सख्त एल्गोरिदम ऑडिट लागू करना चाहिए, ताकि वे किशोरों को ऐसे डार्क कंटेंट की ओर न धकेलें। सरकार को इस समस्या का समाधान केवल तकनीकी प्रतिबंध या सेंसरशिप में नहीं ढूंढना चाहिए। अत्यधिक सख्ती अक्सर बच्चों को डार्क वेब जैसे और अधिक असुरक्षित रास्तों की ओर धकेल देती है।

सरकार को इसे केवल कानून–व्यवस्था का मुद्दा नहीं मानना चाहिए। यह एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक महामारी है, जिसे केवल डंडे के जोर पर नहीं रोका जा सकता। पुलिसिया जांच के दौरान पीड़ित परिवारों के साथ संवेदनशीलता बरतना जरूरी है, ताकि अन्य लोग डर के बजाय मदद के लिए सामने आ सकें।

सुसाइड गेम्स की सफलता की सबसे बड़ी वजह हमारे समाज में बढ़ती संवादहीनता है। अक्सर बच्चे इन जालों में तभी फंसते हैं, जब उन्हें घर पर सुनने या समझने वाला कोई नहीं होता। जब माता–पिता काम में व्यस्त होते हैं और बच्चा फोन के साथ अकेला होता है तो वह अनजाने में ऐसे समूहों का हिस्सा बन जाता है, जहां उसे महत्व मिलने का भ्रम होता है।

इसलिए डिजिटल डिटॉक्स से अधिक जरूरी इमोशनल कनेक्ट है। यदि बच्चा अपने माता–पिता के साथ अपनी हर छोटी उलझन साझा करने में सहज है तो कोई भी आभासी खेल उसे मौत के मुहाने तक नहीं ले जा सकता।

ब्लू व्हेल, मोमो जैसे खतरे केवल इंटरनेट की बुराइयां नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज के खोखले होते जा रहे भावनात्मक ढांचे का प्रतिबिंब हैं। यह समय केवल तकनीक को दोष देने का नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों की ओर लौटने का है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत भी, विकास भी के मंत्र में विरासत का अर्थ केवल ऐतिहासिक स्मारकों को बचाना नहीं है, बल्कि हमारे उस पारिवारिक ताने–बाने को बचाना भी है, जहां संवाद और संवेदना प्राथमिक थे। सरकार, समाज और परिवारों को मिलकर एक ऐसा सुरक्षा कवच तैयार करना होगा, जहां हमारे किशोरों को आभासी रोमांच की तलाश में अपनी जान जोखिम में न डालनी पड़े। हमें उन्हें यह सिखाना होगा कि हारना, असफल होना या उदास होना सामान्य है। इसके लिए जान देना कोई वीरता नहीं है। इंटरनेट को एक औजार की तरह इस्तेमाल करना चाहिए, न कि उसे अपनी जिंदगी का मालिक बना देना चाहिए। जब तक हम सामूहिक रूप से किशोर मन की इन जटिलताओं को नहीं समझेंगे, तब तक आभासी दुनिया के ये शिकारी हमारे नौनिहालों का शिकार करते रहेंगे। यह समय जागने का है, इससे पहले कि एक और चिराग डिजिटल अंधेरे की भेंट चढ़ जाए।

## संस्कारधानी में शिल्पकला की सौगात देने वाले मूर्तिकार प्रहलाद जी



डॉ.मुकुल तिवारी
एम.एस–सी.रसायन शास्त्र, एम.एड., एम.ए.हिंदीसाहित्य,पी एच.डी.रसायन शास्त्र, एलएल.बी., पूर्व प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष – रसायन शास्त्र

संस्कारधानी जबलपुर में त्यौहारों का मौसम आते ही मूर्ति निर्माण का कार्य शुरू हो जाता है।बसंत पंचमी में सरस्वती जी,नर्मदा जयंती में नर्मदा जी, गणेश चतुर्थी पर गणेश जी, नवरात्रि पर दुर्गा जी एवं महापुरुषों की जयंती पर देशी मिट्टी में विभिन्न आवश्यक सामग्री मिला कर मूर्ति का स्वरूप देनें की परम्परा अत्यन्त प्राचीन रही है।संस्कारधानी जबलपुर के प्राचीन रहवासी इलाके जैसे दीक्षितपुरा, नूनरहाई सुनरहाई, दरहाई, निवडगंज, मिलोनीगंज, गलगला, फूटाताल आदि स्थानों पर विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति बनानें का रिवाज वर्षों से चला आ रहा है। बचपन से ही मुझे इन स्थानों को देखनें का अवसर मिलता रहा।मूर्तिकार जब किसी मूर्ति को गढ़ता है तब उसकी परिकल्पना से ही मूर्ति का स्वरूप बनता है। मूर्तिकला की साधना सरल साध्य नहीं हैं।बहुत धैर्यऔर तपस्या की साधना है। ऐसी तपस्या के साधक जबलपुर के प्रह्लाद प्रजापति जी हैं।

संस्कारधानी जबलपुर के मूर्तिकला साधक प्रहलाद निश्चय ही मूर्तिकला के सशक्त साधक हैं।आपने अपने गुरुश्री कुंदन प्रजापति जी से मूर्तिकला विधा का ज्ञान प्राप्त किया। प्रहलाद जी नें अपने जीवन काल में श्री गणेश जी माँ सरस्वती ,माँ दुर्गा भवानी के सजीव विवध भव्य स्वरूपों को आकर्षक अतुलनीय ढंग से मनमोहक बना कर समाज में प्रस्तुत किया है।

मूर्तिकार प्रहलाद जी के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता तो यह है कि संस्कारधानी जबलपुर की सर्वाधिक प्राचीन ख्यातिलब्ध मिलन तरुण साहित्यक,संस्कृतिक एवं कलात्मक संस्था के माध्यम से विगत त्रेपन वर्षोंसे संस्कारधानी जबलपुर एवं जबलपुर के आस पास की विभिन्न शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं को बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर इच्छुक संस्था को संकल्प दिला कर निशुल्क सप्रेम भेट करते है। शर्त बस इतनी होती है कि माँ सरस्वती स्थल पर साफ सफाई एवं नित्य माँ सरस्वती का पूजन अर्चन। जब मुझे यह पता चला था तो विश्वास ही नहीं हुआ था किंतु कुछ समयअंतराल बाद यह बात मेरे अनुभव में भीआई।मुझे कुछ वर्षों पश्चात हितकारिणी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य कार्य दायित्व निर्वहन का अवसर मुझे प्राप्त हुआ तब मैंने ख्यातिलब्ध पत्रकार, साहित्यकार आ. मोहन शशि जी सेआग्रह किया तो उन्होनें तुरंत ही हमारे आग्रह को मान लिया और कहा अगले वर्ष बसंत पंचमी के दिन आपकी संस्था को मूर्ति मिलेगी। बात आई गई हो गई।एक दिन आ.मोहन शशि जी निवास पर मूर्तिकार प्रहलाद जी को घर लेकर आये और मुझसे मूर्तिकार प्रहलाद जी का परिचय करवाया और कहने लगे ये हैं मूर्तिकार प्रहलाद जी इन्हे बताओ तुम्हे कैसी मूर्ति सरस्वती जी की बनवाना है।मैनें हँसकर कहा जी।बातचीत के दौरान बताया कि कमल पर विराजमान सरस्वती जी सामान्यत: हमेशा मिल जाती हैं आप तो सरस्वती जी की बैठी वीणा बजाते हुए बड़ी सी आकर्षक मनमोहक मूर्ति बनाइये।




मूर्तिकार प्रहलाद जी हँसने लगे कहने लगे ठीक मैं वैसी ही मूर्ति बनाऊंगा जैसी आपको चाहिए। सामान्य बातचीत हो गई। मैनें कोई विशेष ध्यान नहीं दिया दुबारा कहा भी नहीं। बात आई गई हो गई।अगले वर्ष जब बसंत पंचमी के दो दिन पूर्व शनिवार 20 जनवरी 2018 को आ. मोहन शशि जी का फोन आया मुकुल सोमवार 22 जनवरी 2018 को बसंत पंचमी है। मिलन का बसंत पंचमी सरस्वती पूजन समारोह है। शाम को सात बजे समारोह में संस्था के प्रबंधक एवं सदस्यों सहित मूर्तिकार प्रहलाद जी की शिल्प शाला में आना और संकल्प सहित सरस्वती जी की मूर्ति सस्नेह स्वीकार करना। मैनें पूछा न्यौछावर की राशि कितनी देना होगी।आ.मोहन शशि जी बोले कुछ नहीं आ बस जाना ग्यारह रुपये के साथ संकल्प ले लेना। मूर्ति के रख रखाव पूजन की जम्मेदारी सहित मुझे बहुत ही आश्चर्य हुआ। मैं निर्धारित समय पर पहुची हुआ भी वैसा ही जैसा कहा गया था। मैं निर्धारित समय पर पहुँची एक नारियल, ग्यारह रुपये,कुछ पुष्प और पुष्प माला,लेकर पूजन करवानें वाले पण्डित जी ने सरस्वती जी का पूजन करवाया भोग प्रसाद आरती के बाद एक नारियल पुष्प एवं ग्यारह रुपये संकल्प के साथ सरस्वती जी की मूर्ति तत्कालीन प्राचार्य डॉ.मुकुल तिवारी यानें मुझे सौप दी गई। है न आश्चर्य जनक किंतु सत्य बात। इन त्रेपन वषों में शहर और आस पास की त्रेपन संस्थाओं में सरस्वती जी की मूर्ति प्रदान की जा चुकी है। कोई भी वर्ष ऐसा नहीं गया कि सरस्वती जी की मूर्ति किसी संस्था को प्रदान न की गई हो।स्व.अभिज्ञान कृष्ण त्रिपाठी जी संस्था प्रमुख शा. आई.टी.आई.बरगी के नेतृत्व में शा.आदर्श आई. टी. आई. बरगी में माँ सरस्वती जी की मूर्ति भव्य समारोह में स्थापित की गई।शा.आई.टी.आई .जबलपुर की तो मुझे अधिकृत जानकारी है।

संस्कारधानी जबलपुर में भी हस्त निर्मित मूर्तिकला का इतिहास बहुत पुराना है।अन औपचारिक रूप से परम्परागत शिल्प कला का प्रशिक्षण के संवाहक हैं मूर्तिकार प्रहलाद प्रजापति जी. विगत 53 वर्षों से मिलन संस्था जबलपुर के माध्यम से बसंत पंचमी के दिन स्वहस्त निर्मित सरस्वती जी की मूर्ति किसी इचुक सुपात्र अथवा संस्था को सप्रेम भेंट की जाती है। मूर्तिकार प्रहलाद जी श्री गणेश जी, सरस्वती जी, माँ नर्मदा,माँ दुर्गा के विविध स्वरूप सुंदर आकर्षक छोटे मझले अथवा बड़ी आकार की भव्य प्रतिमाये अनेक वर्षों से बना रहें हैं। इसके साथ ही आपके द्वारा शहर के अनेक मंदिरों में विशेषत: जगन्नाथ जी के मंदिरों की मूर्तियों में आकर्षक सुंदर रँग रोगन कार्य भी किया जाता है।

मूर्तिकार प्रहलाद जी द्वारा पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ शिल्प शाला में भव्य आकर्षक मूर्ति शिल्पित करना कोई सरल कार्य नहीं हैं।ईश्वर जीवन तो सबको देता है किंतु हुनरबाज सुंदर जीवन बिरलों को ही मिलता ही।ऐसे बिरला जीवन प्राप्त करनें वाले मूर्ति कार प्रह्लाद जी हैं। आपका व्यक्तित्व किशोरावस्था से ही मूर्तिकला को समर्पित है। ईश्वर नें तो आपको यह विशेष हुनर दिया ही है किंतु गुरू का प्रशिक्षण और स्व अभ्यास की क्रियाशीलता ने तो आपकी परिकल्पना नें आपकी मूर्तिकला में चार चाँद लगा दिये हैं।

# ऑनलाइन गेमिंग की लत से 'वर्चुअल ऑटिज्म' का खतरा : विशेषज्ञ



प्रयागराज, (वार्ता)

मोबाइल गेमिंग और अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। नोएडा में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना के बाद इस विषय पर चिंता और गहरा गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को अवसाद और आत्मघाती प्रवृत्तियों की ओर भी धकेल सकती है।

इसी क्रम में संगम नगरी प्रयागराज में भी एक मामला सामने आया है। हालांकि यहां बच्चा सुरक्षित है, लेकिन वह ऑनलाइन गेमिंग का आदी हो चुका है। परिजन उसे उपचार के लिए मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) के मनोरोग विभाग लेकर पहुंचे हैं।

सोरांव क्षेत्र के होलागढ़ निवासी छह वर्षीय बालक के माता-पिता दोनों नौकरीपेशा हैं। दिन में वह अपने दादा-दादी के साथ रहता है। परिजनों के अनुसार उसे मोबाइल फोन उपलब्ध करा दिया जाता था, जिस पर वह ऑनलाइन कोरियन गेम और ड्रामा कार्टून देखता रहता था। स्थिति यह हो गई कि बच्चा कोरियन भाषा के शब्द बोलने लगा।

मनोचिकित्सक डॉ. राकेश पासवान ने बताया कि जांच के दौरान जब उन शब्दों का अनुवाद किया गया तो पाया गया कि बच्चा वास्तव में कोरियन भाषा के शब्दों का प्रयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चे में 'वर्चुअल ऑटिज्म' जैसे लक्षण विकसित हो रहे हैं। फिलहाल बच्चे की काउंसलिंग शुरू कर दी गई है।

डॉ. पासवान के अनुसार अत्यधिक मोबाइल उपयोग से बच्चों में बोलने में देरी, एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन, आक्रामक व्यवहार और एंजाइटी की समस्या देखी जा रही है। स्क्रीन टाइम बढ़ने से आंखों पर दुष्प्रभाव, शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण मोटापा, हृदय संबंधी जोखिम तथा मांसपेशियों की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। नींद पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ता है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

विशेषज्ञ ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित रखें, उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं और संवाद बढ़ाएं। साथ ही माता-पिता स्वयं भी बच्चों के सामने मोबाइल का सीमित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि 'वर्चुअल ऑटिज्म' जैसी समस्या को स्क्रीन टाइम कम कर तथा सामाजिक सहभागिता बढ़ाकर नियंत्रित किया जा सकता है।

# दिल्ली को दहलाएंगे, आगरा को आग लगाएंगे, पाकिस्तान से लश्कर आतंकी की गीदड़भभकी

नई दिल्ली

लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी सैयद अब्दुल रहमान नकवी ने दिल्ली-आगरा और ढक्कन समेत भारत के दूसरे बड़े शहरों पर हमले की खुली धमकी दी है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी द्वारा हमले की यह धमकी उसकी बौखलाहट को दर्शाता है।

दरअसल, तथाकथित %कश्मीर सॉलिडैरिटी डे% पर जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में सार्वजनिक रैलियां की। इस दौरान उसने भारत को लेकर भड़काऊ बयान दिया और भारत के बड़े शहरों में हमले की धमकी दी।

क्या बोला आतंकी सैयद अब्दुल ने भारत को लेकर विवादित बयान देते हुए कहा, कश्मीर को आजाद कराने का आपका, यानी मरकजी मुस्लिम लीग का होगा, जिनकी तारीख गवाह है कुर्बानियों की और इंशाअल्लाह अपने बुजुर्गों की वसीयतें भी याद हैं। जिन्होंने कहा था, हम अखंड भारत को खंड खंड कर देंगे।



हम आगरा को आग लगाएंगे। हम दक्कन को दहकाएंगे। हम दिल्ली को दहलाएंगे। और इंशाअल्लाह हम अपनी बुजुर्गों की उन वसीयतों पर आज भी कायम हैं।

### कौन है सैयद अब्दुल?

ज्ञात हो कि सैयद अब्दुल रहमान नकवी लश्कर के मुखौटा संगठन मिल्ली मुस्लिम लीग का नेता है। इस लश्कर आतंकी को हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद का करीबी सहयोगी बताया जाता है।

## अमेरिका में खोदाई में मिली 150 साल पुरानी शराब की बोतल, स्वाद चमड़े की तरह

**नई दिल्ली।** अमेरिका के यूटा राज्य में पुरातत्वविदों को 150 साल पुरानी शराब की बोतल मिली है। स्की रिसॉर्ट क्षेत्र में खोदाई के दौरान इस बोतल को पाया गया। ये बोतल 1870 से 1890 के बीच के समय की मानी जा रही है। यूटा में मिली यह शराब की बोतल पूरी भरी हुई थी। पुरातत्वविदों को यह बोतल काफी अच्छी स्थिति में मिली, जिस पर कॉर्क भी लगा हुआ था। विशेषज्ञों ने इस शराब के स्वाद को पता करने के लिए इसे चखकर भी देखा।



विशेषज्ञों का कहना है कि यह उस दौर की एकमात्र बोतल है, जिससे यह एक दुर्लभ शराब की बोतल मानी जा रही है। इस शराब की बोतल को जब चखकर देखा गया तो विशेषज्ञों को उसका स्वाद बियर की तरह लगा। इससे यह अनुमान लगाया गया कि यह कम ऐल्कोहॉल वाली बोतल हो सकती है। विशेषज्ञों ने पाया कि यह शराब गंध में बहुत खराब नहीं थी, इसमें ऑक्सीकृत फल और चमड़े जैसे जटिल स्वाद पाए गए। विशेषज्ञ अब इस तरह की शराब को दोबारा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# नीली नहीं, कभी बैंगनी दिखती थी पृथ्वी, वैज्ञानिकों की रिसर्च में दावा

नई दिल्ली

आज तक हम पढ़ते और सुनते आ रहे हैं कि अंतरिक्ष सी पृथ्वी का रंग नीला दिखता है। लेकिन नए रिसर्च में खुलासा हुआ है कि लगभग 2.4 अरब साल पहले, हमारी पृथ्वी नीली नहीं बल्कि गहरे बैंगनी रंग की दिखाई देती थी। दरअसल,14 फरवरी, 1990 को वॉयेजर-1 ने सौरमंडल से बाहर जाते हुए आखिरी बार पृथ्वी की तस्वीर ली, तो वह एक छोटा सा पेल ब्लू डॉट नजर आई। आज अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने पर यह नीली दिखाई देती है, जिसमें जगह-जगह सफेद बादल और हरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। लेकिन 2.4 अरब साल पहले यह बैगनी दिखती थी।



बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना के अनुसार, पृथ्वी की सतह पर कभी बैंगनी रंग के सूक्ष्मजीवों का प्रभुत्व था, जो सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए रेटिनल नामक अणु का उपयोग करते थे। नासा के एक पुराने लेख के अनुसार , रेटिनल संभवत: क्लोरोफिल और प्रकाश संश्लेषण के विकास से भी पहले मौजूद था।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर प्रारंभिक जीवन ने प्रकाश संश्लेषण के लिए क्लोरोफिल के बजाय रेटिनल का उपयोग किया होगा। रेटिनल हरे और पीले प्रकाश को अवशोषित करता है, जबकि लाल और नीले प्रकाश को परावर्तित करता है, जिससे ग्रह को बैंगनी रंग मिलता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के प्रोफेसर शिलादित्य दास शर्मा और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के खगोल-जैव वैज्ञानिक डॉ. एडवर्ड श्वीटरमैन के अनुसार, पृथ्वी पर शुरुआती जीवन हरे पौधों पर आधारित नहीं था। आज शुरुआती जीवन ने रेटिनल नामक अणु का इस्तेमाल किया, जो क्लोरोफिल से भी पहले विकसित हुआ हो सकता है। रेटिनल हरे और पीले प्रकाश को अवशोषित करता है, जबकि लाल और नीले प्रकाश को परावर्तित करता है, जिससे धरती बैंगनी रंग की दिखाई देती। वहीं, आज के समय में ज्यादातर जीव क्लोरोफिल नामक पिगमेंट से प्रकाश संश्लेषण करते हैं, जिसकी वजह से पृथ्वी अंतरिक्ष से हरी-नीली दिखाई देती है।

# डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता पूछ रही है सवाल

लखनऊ, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ़ तौर पर पूछ रही है कि डील कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज़ क्या है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अठारह (18)-और क्या भाजपा के हिसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है।



अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाज़ी भरे शब्दों के अलावा कोई ठोस सुरक्षा-कवच या संरक्षण-योजना है भी या नहीं। आज देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज़ क्या है। क्या यह पूरा मामला बनी वहाँ, पहुँची यहाँ जैसा कोई एकपक्षीय सौदा है, जिसमें देश के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या डील के नाम पर भाजपा सरकार को केवल डॉटेड लाइन पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य कर दिया गया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को देश की जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन कथित समझौतों से आखिर किसे लाभ हो रहा है और आम नागरिक, किसान, व्यापारी व उद्योग जगत को क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां देशहित के बजाय प्रचार और दिखावे तक सीमित रह गई हैं।

## पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं दिया जायेगा-पाटिल

**जयपुर(वार्ता)।** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के तहत एक बूंद पानी नहीं दिया जायेगा। वह यहां केन्द्रीय बजट पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत अप्रैल में इस संधि को स्थगित कर दिया था। पानी को लेकर डीपीआर बन रहा है और अब पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं दिया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पानी नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभी जो पानी छोड़ना पड़ रहा है, उस बारे में वह कुछ नहीं कहना चाहते। पाकिस्तान को अभी जारी पानी कब तक रुकने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब रुकेगा तब बता दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि डीपीआर पर काम हो रहा है और इससे हरियाणा, पंजाब , दिल्ली एवं राजस्थान इन सबको को पानी मिलेगा और इनकी पानी की समस्या हल हो जायेगी।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता, बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है। मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।



बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। मायावती ने मौजूदा संसद के बजट सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहे गतिरोध को सियासी पार्टियों का खेला करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए।

मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विश्वास जताया कि मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर बीएसपी आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म, आबादी 35 हुई

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आयी चीता आशा ने पांच चीता शावकों का जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा, प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। पांच नये शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गयी है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गयी और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस विकास को एक सामूहिक प्रयास बताते हुए कहा, यह खुशी की उपलब्धि जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर रहे फील्ड स्टाफ और पशु चिकित्सकों के अटूट समर्पण, कौशल और प्रतिबद्धता का एक शानदार प्रमाण है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# हरमन-आरती कड़व अगली फिल्म के लिये आये साथ

बावेजा स्टूडियोज़ के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिये फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज़ के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के ज़रिए इस री-यूनियन की जानकारी दी। 'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज़ और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे।




हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवेदनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मज़बूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है। यह अगला प्रोजेक्ट उसी विश्वास से जन्मा है, और मैं फिर से साथ मिलकर सीमाएं आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हूं।

आरती कड़व ने कहा, मिसेज बनाना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण जरूर था, लेकिन उतना ही संतोषजनक भी। इसका बड़ा श्रेय उस स्पेस को जाता है, जो हरमन और बावेजा स्टूडियोज़ ने मुझे एक फिल्ममेकर के तौर पर दिया। पूरा भरोसा, धैर्य और सुनने की इच्छा, ये खूबियां बहुत कम देखने को मिलती हैं और बेहद कीमती हैं। वक्त के साथ यह विश्वास और गहरा हुआ है। दोबारा साथ काम करना किसी नई शुरुआत जैसा नहीं लगता, बल्कि उस बातचीत को आगे बढ़ाने जैसा है, जो ईमानदारी, संवेदना और मायने रखने वाली कहानियां कहने के साझा विश्वास से शुरू हुई थी।

# बोमन ईरानी ने अपने निर्देशन की पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज़' के अनदेखे पल साझा किए

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज़' के प्रदर्शन के एक साल पूरे होने पर अपने प्रशंसकों के साथ अनदेखे पलों को साझा किया है। फिल्म द मेहता बॉयज की पहली सालगिरह परबोमन ईरानी ने एक खास वीडियो साझा किया, जो दर्शकों को परदे के पीछे की दुनिया में ले जाता है। यह वीडियो सीन या परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि उन खामोश, अनदेखे पलों को पकड़ता है, जो उनकी पहली निर्देशित फिल्म के बनने के दौरान जिए गए।



यह मोंटाज अमेज़न प्राइम वीडियो की इस ड्रामा फिल्म के पीछे की झलक दिखाता है, जहां बोमन ईरानी पहली बार निर्देशक की कुर्सी संभालते नज़र आते हैं। यह सिर्फ जश्न नहीं, बल्कि इस बात की याद दिलाता है कि 'द मेहता बॉयज़' बोमन ईरानी के लिए महज़ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके रचनात्मक सफर का एक अहम पड़ाव है।

बोमन इरानी ने कैप्शन में लिखा, द मेहता बॉयज़ को दुनिया तक पहुंचे एक साल हो गया है। इस कहानी को मैं लंबे समय से अपने भीतर लिए चलता रहाज और इसे जो प्यार मिला, वह बेहद विनम्र करने वाला है। हर उस शख्स का शुक्रिया जिसने इस पर भरोसा किया, और मेरी शानदार टीम का आभार, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनायाज

बोमन ईरानी के लिए यह फिल्म रचनात्मक जोखिम भी थी और भावनात्मक आत्ममंथन भी।निर्देशक, सह-लेखक, सह-निर्माता और मुख्य अभिनेता की कई भूमिकाएं निभाते हुए, ईरानी ने एक सादा लेकिन गहरी भावनाओं से भरी कहानी पेश की, जो एक पिता और बेटे के नाज़ुक रिश्ते को टटोलती है। 'द मेहता बॉयज़' ने शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार भी जीता, और एक खास सिनेमाई कृति के रूप में अपनी जगह बनाई।

# 'दो दीवाने सहर में' के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म दो दीवाने सहर में 'का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के ज़रिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मज़बूत स्क्रीन प्रेज़ेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ़ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ़ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाज़ुकपन भी। फिलहाल %दो दीवाने शहर में के ज़रिये सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ये किरदार सिर्फ़ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के ज़हन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान ख़ान का 'समीर' आज भी याद किया जाता है। वह एक भावुक, जल्दबाज़ और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमज़ोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुज़ारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफ़र बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ये भूमिकाएँ उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नज़र आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आयेंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज़्यादा ज़मीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आँखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है।



# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों व चुनौतियों पर युवाओं को गंभीरता से ध्यान देना होगा : मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

## श्री पटेल ने किया स्वदेशी मेला उन्नत भारत का शुभारंभ



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उनसे जुड़ी नीतियों तथा चुनौतियों पर युवाओं को गंभीरता से ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के हित में सोचने वाला प्रत्येक नागरिक, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, उसे यह आत्ममंथन करना चाहिए कि वैश्विक परिदृश्य में देश की आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन क्यों आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इतिहास हमें प्रेरणा देता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने खादी को स्वावलंबन का प्रतीक बनाया। उनका संकल्प अडिग था। उन्होंने जीवनभर खादी पहनकर यह सिद्ध किया कि स्वदेशी को अपनाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमें विदेशी तकनीकों का उपयोग केवल तभी करना चाहिए, जब वास्तव में उसकी आवश्यकता हो, अन्यथा स्वदेशी संसाधनों, कौशल और उत्पादों को प्राथमिकता देकर ही देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सकता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं। वे स्वदेशी उत्पादों का निर्माण कर करोड़ों रुपये का टर्नओवर प्राप्त कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे कई परिवार भी हैं, जो उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, किंतु अभी तक उनकी उचित पहचान नहीं बन पाई है। ऐसे प्रयासों को सामने लाना और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। मंत्री श्री पटेल ने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता हो तो तकनीक की सहायता अवश्य ली जानी चाहिए, लेकिन यह समझना होगा कि असली हुनर हमारे हाथों में है, मशीनों में नहीं। तकनीक केवल साधन है, लक्ष्य नहीं। उक्ताशय के विचार मंत्री श्री पटेल ने स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में स्वदेशी मेला उन्नत भारत शुभारंभ- स्वर्णिम भारत वर्ष फाउंडेशन (स्वदेशी जागरण मंत्र की इकाई) के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉ. राजकुमार मित्तल द्वारा लिखित स्वदेशी 37 करोड़ स्टार्टअप्स का देश नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने स्वदेशी मेले में लगाई दुकानों का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री महंत बालक दासजी महाराज, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, श्री रामसनेही पाठक, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, श्री महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, श्री सुनील कोठारी, श्री पीके मिश्रा, श्री सुधीर दाते, श्री कपिल मलैया, श्रीमती मनीषा, श्री उदय सिंह, श्री आरबी सिंह, श्री उपेन्द्र काले, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के क्षेत्र में मार्केटिंग दूसरी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह विचार करना आवश्यक है कि आखिर स्वदेशी वस्तुओं में ऐसी कौन सी कमी मानी जाती है, जिसके कारण आमजन उन्हें अपनाने में हिचकिचाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीक के क्षेत्र में भारत का स्वयं का ब्रांड खड़ा किया जा सकता है और देश के लोग भी वैश्विक स्तर के ब्रांड विकसित करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास खान-पान सहित अनेक ऐसे उत्पाद हैं, जो अपनी विशिष्टता के कारण विश्व में कहीं और नहीं मिल सकते। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय कंपनियों को विदेशों में जाकर उद्योग स्थापित करने के लिए सहयोग देने की बात कही गई है। अब वह समय आ गया है जब भारत की कंपनियां वैश्विक मंच पर आगे बढ़ते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में अपने उद्योग स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं की सूची बनाकर यह आत्ममंथन करना चाहिए कि वह स्वदेशी वस्तुओं का कितना उपयोग कर रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपनी जिम्मेदारी को समझने का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें, जिससे देश और समाज दोनों सशक्त बन सकें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वावलंबन की यह बात केवल वस्तुओं के निर्माण या लाभांश अर्जित करने तक सीमित नहीं है।

हमारा स्वावलंबन भारत को यशस्वी बनाकर विश्व में शांति और सद्भाव का संदेश देने के उद्देश्य से है। स्वावलंबी नागरिक ही सम्मान के साथ जीवन जी सकता है और राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की बात कही।

### मंत्री श्री पटेल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की महिला फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के इतिहास के पहले तीन मध्य प्रदेश स्टेट रेफरी करुणा मिश्रा, वंदना यादव एवं दीपचंद कहार, जिले के क्रिकेट के क्षेत्र में पहले सर्टिफाइड महिला कोच प्रगति तिवारी एवं काजल वर्मा, खेलो इंडिया फर्स्ट ट्राइबल गेम्स में चयनित नरसिंहपुर के दो महिला खिलाड़ी रवीना ठाकुर एवं नंदिनी ठाकुर को सम्मानित किया। विदित है कि दोनों महिला फुटबॉल खिलाड़ी रवीना ठाकुर एवं नंदिनी ठाकुर छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# ग्राम विकास ही प्रदेश की समृद्धि का आधार : संभाग समन्वयक

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन कराने के दिए निर्देश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की संवाद योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में नवांकुर संस्थाओं की त्रैमासिक कार्ययोजना के अंतर्गत माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर में संपादित की गई गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर सेक्टरवार चयनित आदर्श ग्रामों के समग्र विकास के लिए स्वावलंबन के विभिन्न आयामों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में मप्र जनअभियान के संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन ने कहा कि ग्राम विकास ही प्रदेश की समृद्धि एवं प्रगति का मजबूत आधार है। उन्होंने नवांकुर संस्थाओं को संस्कार केंद्र, विवेकानंद वाचनालय, जनसूचना केंद्र एवं पौध नर्सरी की स्थापना सुनिश्चित करने के साथ- साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने दस्तावेज संधारण की प्रक्रिया के साथ-साथ साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक एवं त्रैमासिक बैठकों के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने पीआरए पद्धति के माध्यम से ग्राम विकास के प्रमुख आयामों स्वच्छ पर्यावरण, नशामुक्त ग्राम आदि विषयों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में वर्तमान में संचालित जल संचय अभियान तथा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत सेक्टर एवं ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रमों की समीक्षा कर उनकी प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# जिला चिकित्सालय में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन

## कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 125 हितग्राहियों की हुई स्क्रीनिंग




**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. आरके चौधरी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 125 हितग्राहियों की मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल (ष्ट्द्गह्-1द्बष्ड्डद्य) कैंसर की नि:शुल्क स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. रिचा मिश्रा ने बताया कि कैंसर का समय पर चिन्हांकन होने से उपचार अधिक प्रभावी होता है।

# पशु चिकित्सालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ नि:शुल्क एंटी रेबीज शिविर

## शिविर में 42 श्वानों को लगाए गए एंटी रेबीज के टीके



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला पशु चिकित्सालय में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में पालतू श्वानों के साथ-साथ लावारिस (आवारा) श्वानों का भी प्राथमिकता के साथ टीकाकरण किया गया। इस दौरान कुल 42 श्वानों को एंटी-रेबीज के टीके लगाए गए। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने कहा कि नि:शुल्क एंटी- रेबीज शिविर अपने आप में एक अनूठी और मानवीय पहल है। भविष्य में भी विभिन्न एनजीओ और प्रशासन के समन्वय से ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। डॉ. नितिन किरार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास के श्वानों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, ताकि रेबीज जैसी घातक बीमारी को फैलने से रोका जा सके। शिविर में एबीपीओ डॉ. मनोहर तिवारी, डॉ. राकेश बमनेले, बीएल प्रधान, छाया मुड़िया, आरती मुड़िया, ओमकार वंशकार, चिंतामन सोनी, गौसेवक मैत्री नरोत्तम शर्मा, संदीप पटेल, देवेंद्र यादव, वीरू नारोलिया, अनिल कुमार, अंकित, कौशल पटेल, विकास रजक, प्रेम रजक और अतुल यादव मौजूद थे।

# असंगठित श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित कर रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

## पात्र हितग्राही ऑनलाइन व सीएससी के माध्यम से करा सकते हैं पंजीयन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**

भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवायएम) संचालित की जा रही है। यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है, मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो आयकरदाता नहीं हैं और ईपीएफओ (पीएफ), ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं हैं, वे इस योजना के लिए पात्र हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में लाभार्थी को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान करना होता है। लाभार्थी द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी योगदान के रूप में किया जाता है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को न्यूनतम 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। वहीं लाभार्थी की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को पेंशन की 50 प्रतिशत राशि पारिवारिक पेंशन के रूप में देय होती है। योजना में पंजीयन की सुविधा जिले के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध है। श्रमपदाधिकारी ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करें। जानकारी के लिए श्रमिक नजदीकी सीएससी केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# 10वीं की छात्रा की स्पाइन सर्जरी के लिए जवानों ने जुटाए सवा लाख रुपये



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को सर्वोपरि रखते हुए सीआईएसएफ यूनिट जीएसटीपीपी गाडरवारा ने मानवता की एक मिसाल पेश की है। निकटवर्ती ग्राम चिचली की रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा सोनम मेहरा, जो रीढ़ की हड्डी की गंभीर विकृति से जूझ रही है, उसकी मदद के लिए सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। पिता के साये से महरूम और आर्थिक तंगी से जूझ रही सोनम के ऑपरेशन के लिए सीआईएसएफ इकाई ने मात्र दो दिनों के भीतर स्वेच्छा से 1,15,501 रुपये की राशि एकत्रित कर उसके बैंक खाते में हस्तांतरित की। एम्स भोपाल में होनी है जटिल सर्जरी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचली में कक्षा 10वीं की छात्रा सोनम मेहरा की रीढ़ की हड्डी गंभीर रूप से मुड़ गई है, जिससे उसे दैनिक जीवन में काफी कष्ट हो रहा है।

एम्स भोपाल के चिकित्सकों ने इस सुधारात्मक सर्जरी का खर्च करीब 8 लाख रुपये बताया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत है, लेकिन शेष राशि के लिए परिवार दर-दर भटक रहा था। सोनम की मां मजदूरी कर अपनी पांच बेटियों का पालन-पोषण कर रही हैं। इस विकट परिस्थिति को क्षेत्र के एनजीओ ने उजागर किया, जिसके बाद सीआईएसएफ इकाई सक्रिय हुई।दो दिनों में जवानों ने जुटाया कोष इकाई प्रभारी एवं उप कमांडेंट श्रेय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जवानों ने करुणा और उत्साह दिखाते हुए अपनी स्वेच्छा से दान दिया। शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 को विद्यालय के प्रधानाचार्य और मीडिया प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सहायता राशि सोनम के खाते में भेजी गई।

इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने कहा कि सीआईएसएफ न केवल औद्योगिक संस्थानों और देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन में भी सदैव तत्पर रहता है। सहायता प्राप्त कर सोनम और उसकी मां की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और उन्होंने पूरी इकाई के प्रति आभार व्यक्त किया। सीआईएसएफ की यह पहल आज पूरे जिले में चर्चा और प्रेरणा का विषय बनी हुई है।

# बैरागढ़ में तेजस्वी मेला आयोजित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस मां सरस्वती के पूजन उपरांत शासकीय हाई स्कूल बैरागढ़ में तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया। मेले में 8 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सजावट की सामग्री बनाई एवं विक्रय किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल चार्ट एवं नवाचार प्रस्तुतियां ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। तेजस्वी मेले एवं प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान आत्मविश्वास नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।मेले को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा जिससे आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बड़ागांव में शिक्षकों ने स्वयं के खर्चे पर स्मार्ट क्लास हेतु दी टीवी



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

क्षेत्र के वनाँचल दुर्गम ग्राम बड़ागांव के शासकीय हाई स्कूल के शिक्षकों ने एक अनूठी पहल द्यद्ब है। उन्होंने स्वयं के व्यय से विद्यालय के छात्रों को अध्ययन में सहायता के लिए स्मार्ट क्लास हेतु टीवी प्रदान की। उक्त अनूठी पहल को अंजाम प्रभारी प्राचार्य जीतलाल विरनबार , देवराज गुर्जर एवं लक्ष्मी प्रसाद विश्वकर्मा ने दिया है। उक्त तीनों शिक्षकों ने विद्यालय में अध्ययनरत 100 से अधिक छात्रों के लिए एक स्मार्ट टीवी उपहार स्वरूप प्रदान की हैजिससे उक्त विद्यालय के छात्रों को भी आधुनिक तकनीकी से ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार मिला है अब सभी छात्र उक्त स्मार्ट क्लास से लाभान्वित होंगे। विदित हो कि वनाँचल ग्राम बड़ागांव गोटिटोरिया से आगे पहाड़ी पर है जहाँ पैदल चढाई करके जाना होता है।

# पेट्रोल पंप आदेश में किया निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुरूप हेलमेट धारण किए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदाय नहीं किया जाना है। इस आशय के आदेश जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के माध्यम से पेट्रोल पंप में चस्पा किये जा चुके हैं। जिला पुलिस द्वारा सभी पंप संचालकों एवं कर्मचारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसी क्रम में एसडीओपी पीयूष मिश्रा द्वारा मंडला शहरी क्षेत्र अंतर्गत बिंझिया, लालीपुर एवं पड़ाव स्थित पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारियों को बिना हेलमेट पेट्रोल प्रदाय न करने के निर्देश दिए गए। जिन पेट्रोल पंपों पर नियमों के उल्लंघन की संभावना पाई गई उन्हें एसडीओपी मंडला द्वारा सख्त समझाइश देते हुए भविष्य में आदेशों का उल्लंघन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

# भारतरत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** भारतरत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के तराना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रेम कोरी के निवास स्थान पटैल वार्ड में एक संगीतमय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन ,पुष्पअर्चन एवं लता जी के छायाचित्र पर तिलकवंदन एवं पुष्प अर्चन उपरांत कार्यक्रम का आगाज सत्यम शिवम सुंदरम प्रेम कोरी ने ,जिंदगी की न टूटे लड़ी रिया श्रीवास नरेश कौरव ने देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए सलोनी दुबे रमन मेहरा ने ,नैनों में बदरा छाए दारा सिंह चौहान ने,चला भी आ आजा रसिया संध्या कहार राजेश कहार ने ,पंछी बनू उड़ती फिरूँ शिक्षक राजेश गुप्ता ने ,अजीब दास्तां है ये निकिता कहार ने,इसी प्रकार से अन्य कविताओं की अनिवार्य श्रृंखला में जैसे कि जिसका मुझे था इंतजार ,परदेसिया ये सच है पिया, तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया श्रद्धा का कहार ने ,मस्ती भरा है समाँ,है इसी में प्यार किया आबरु, अनवरत गीतो झड़ी लगी रही कार्यक्रम देर रात्रि तक चला ,सभी ने कार्यक्रम का भाग पूरा आनंद लिया ।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर बनेगा केंद्रीय बजट : सांसद

## भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट पर पत्रकार वार्ता आयोजित

कटनी (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी द्वारा शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो-कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केंद्रीय बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज बताया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायक प्रणय पांडे, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व केडी, अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी एवं जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने किया।



### विकसित भारत की दिशा में दूरदर्शी बजट

सांसद शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। यह सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि बजट को राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। साथ ही सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल

सांसद शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कैंसर सहित गंभीर बीमारियों की 17 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य की गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों के उन्नयन और ट्रामा सेंटर की स्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स के लिए सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था व दीर्घकालिक विकास पर जोर

सांसद ने कहा कि यह बजट भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह बजट आगामी 10 से 20 वर्षों की विकास यात्रा तय करने वाला है। उन्होंने इसे रिफॉर्म एक्सप्रेस की रफ्तार देने वाला बजट बताते हुए सशक्त भारत की मजबूत नींव का आधार बताया।

### युवाओं के लिए रोजगार व कौशल विकास

सांसद ने बताया कि 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देने जैसी घोषणाएं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के बजट जहां लोकलुभावन रहे, वहीं वर्तमान बजट दूरदर्शी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कटनी क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, ग्रेड सेपरेटर, स्टेशनों के विकास और तीसरी रेलवे लाइन से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों के विकास की नई योजना से कटनी को भी लाभ मिलेगा। अंत में सांसद ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और सभी से सौजन्य भेंट की।





# बस स्टैंड के पास दुकान में भड़की भीषण आग

## दुकान में रखा सामान जलकर खाक, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बस स्टैंड के आगे त्रिवेणी होटल के सामने स्थित पान मसाला और नाश्ते की दुकान में सुबह-सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद पूरे इलाके में हड़कप मच गया। खबर मिलते ही बस स्टेंड पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि इस अग्निुदर्घटना में दोनों दुकानें जलकर खाक हो गईं। घटना सुबह 5:40 बजे हुई। चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि बस स्टैंड पुलिस चौकी के अंतर्गत त्रिवेणी होटल के सामने स्थित एक पान मसाले की दुकान में सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को तत्काल अवगत कराया गया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को मौके के लिए रवाना किया गया। फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार, ये आग दीपक श्रीवास्तव की पान मसाले की दुकान में लगी थी, जो देखते ही देखते पास स्थित चाय-नाश्ते की दुकान तक फैल गई। चाय-नाश्ते की दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फ्रिज हीटर और अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गए। यह तो गनीमत रही कि घटना के समय दुकानें बंद थीं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच जा रही है। मौके पर एएसआई दीपेन्द्र शर्मा, आरक्षक मनु सहित कोतवाली पुलिस बल व फायर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया।

# बड़गांव में सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, चालक गंभीर

## आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव गांव के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सीमेंट की बोरियों से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी13एच2229 मैहर से दमोह की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक बड़गांव के पास पहुंचा, उसी समय आगे चल रहे एक अन्य ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे चल रहे सीमेंट लदे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल घायल



चालक को उपचार के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात सुचारू कराया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। फिलहाल घायल चालक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# जिला अस्पताल के सामने अब हर रविवार को लगेगा जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार

कटनी (स्वतंत्र मत)।

जिला चिकित्सालय के सामने स्थित नगर निगम सब्जी मार्केट में अब हर रविवार को जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार लगेगा। यहां पहले प्रत्येक मंगलवार को जैविक एवं प्राकृतिक सब्जियों और उत्पादों का बाजार लगता था। कटनी वासियों की सुविधा के मद्देनजर यह हाट-बाजार अब शासकीय अवकाश दिवस हर रविवार के दिन प्रात: 9 बजे से लगेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी की किसान हितैषी पहल पर शुरू हुये इस जैविक प्राकृतिक सब्जियों के हाट-बाजार के प्रति लोगों का बेहतर प्रतिसाद मिला। जैविक और प्राकृतिक खेती उत्पादन करने वाले किसानों



की ताज़ी, हरी सब्जियां हाथों-हाथ बिकने लगीं, और इसका लाभ जिले के किसानों को यह हुआ कि उनके उत्पादों के लिए उन्हें मार्केट मिल गया। इसके साथ ही नागरिकों को हाट-बाजार से रसायनिक-मुक्त, स्वस्थ और पौष्टिक सब्जियां व अन्य उत्पाद बड़ी सहजता से मिलने लग गये। कलेक्टर ने जिले में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती कर रहे किसानों को जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह हाट-बाजार शुरू कराया था। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक, प्राकृतिक खेती से उत्पादित, रसायन मुक्त एवं शुद्ध उत्पाद मौसमी सब्जियां जैसे- लौकी, सेम, गोभी, टमाटर, पालक, मेथी, मूली, गाजर, पत्ता गोभी फल, जैविक दालें, जैविक चावल एवं अन्न कोदो, कुटकी, रागी, चियासीड इत्यादि हाट बाजार में उपलब्ध रहेगें। कटनी शहरवासियों से आग्रह किया गया हैं कि वे हाट बाजार में प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे पहुँच कर स्वास्थ्यवर्धक जैविक प्राकृतिक उत्पादों का क्रय करते हुये जिले के कृषकों का मनोबल बढ़ायें।

# परीक्षा के समय कानफोडू डीजे बजाने पर कार्रवाई

## ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर मामला दर्ज

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज को भय मुक्त एवं निर्बाध जीवन यापन का वातावरण बनाएँ रखने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के द्वारा अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने पर डीजे को जप्त किया गया है। थाना कुठला अन्तर्गत साई मन्दिर के रहवासियों व आमजन के माध्यम से तेज आवाज में डीजे बजने से असुविधा होने की सूचना प्राप्त होने पर जलसा मैरिज गार्डन के बाहर साऊण्ड बाक्स आपरेटर द्वारा साऊण्ड बाक्स को तेज आवाज मे बजाते पाये जाने पर तेजस्वी गुप्ता पिता स्व. बालचन्द्र




गुप्ता उम्र 23 साल निवासी दुर्गा चौक बड़ी खिरहनी थाना एनकेजे जिला कटनी के विरुद्ध मध्य प्रदेश कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा एक नीले रंग का लोडर क्रमांक एमपी21जी2484, चार टाप बाक्स, चार बैस बाक्स, एम्पलीफायर आदि उपकरण जप्त किये गये है। थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इसी माह में विद्यार्थियों की वोर्ड एवं अन्य परीक्षाओं का आयोजन होना है जिससे विद्यार्थियों की तैयारी में व्यवधान उत्पन्न न हो और उनके भविष्य पर बुरा असर न पड़े इसलिए शांतपूर्ण वातावरण की विशेष आवश्यकता है। अत: किसी भी प्रकार के कार्यक्रम, धार्मिक आयोजन, शादी समारोह या अन्य अवसरों पर लाउडस्पीकर/डीजे का उपयोग केवल निर्धारित समय एवं सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त कर ही करें। निर्धारित समय सीमा के बाद तेज ध्वनि में संगीत बजाना एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जप्ती- एक लोडर वाहन नीले रंग का जिसका नम्बर एमपी21जी2484 चालू हालत में, चार टाप बाक्स, चार बैस बाक्स, लाईट, जनरेटर, एम्पलीफायर, मिक्सर सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, आरक्षक दुर्गेश सिंह एवं अन्य स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही है।

# विभिन्न बैंकों, बीएसएनएल एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ वन-टू-वन चर्चा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

आगामी 14 मार्च को जिला न्यायालय कटनी एवं समस्त तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के सभा कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव सुमित शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्री-लिटिगेशन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जायेगा। बैठक में विभिन्न बैंकों



के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें। जिनसे वन-टू-वन चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही नगर पालिका निगम के संपत्ति कर, जलकर एवं समस्त बैंकों एवं बीएसएनएल के समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों में सूचना पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौता से नेशनल लोक अदालत में लंबित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जा सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजनों से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर, अपने प्रकरण का आपसी समझौता से निराकरण कराकर लोक अदालत का लाभ उठाए।

# अवैध रेत परिवहन पर दो डंपर किये जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देश के पालन में पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुये गुरुवार की रात तहसील बड़वारा के अंतर्गत मझगवां क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो डंपरों को जब्त किया। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने सघन चेकिंग के दौरान बरही तिराहा के पास एक बिना नंबर वाले डंपर को रोका। जांच करने पर वाहन के पास खनिज परिवहन



से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। वहीं, दूसरी कार्यवाही मझगवां बायपास के समीप की गई, जहाँ एक डंपर ईटीपी में दर्ज मात्रा से कहीं अधिक रेत ले जाते हुए पाया गया। इसके बाद दोनों मामलों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कुठला पुलिस थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया है। उपसंचालक दीक्षित ने जानकारी दी कि वर्तमान में कटनी जिले में केवल तीन स्थानों पर पूर्व भंडारित रेत के उठाव की अनुमति है। जिले में रेत की मुख्य आपूर्ति पड़ोसी जिले उमरिया की खदानों से की जा रही है। आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रखते हुये खनिजों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

# जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय जनगणना भवन भोपाल व्दारा जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय का गठन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जनगणना 2027 कार्य एवं गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला जनगणना समिति का गठन किया गया है।समिति में जिला जनगणना अधिकारी अपर कलेक्टर, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना, सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा जनसंपर्क अधिकारी सदस्य होगे।

# नगर विकास में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## कंसल्टेंट कंपनियां और ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट, सहायक यंत्री पर गिरी गाज

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम और नगरीय निकायों में चल रही योजनाओं की सुस्त रफ्तार पर प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि जो कंसल्टेंट कंपनियां और ठेकेदार नगर निगम के प्रोजेक्ट्स में रुचि नहीं ले रहे, उन्हें सीधे ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य इस स्तर के हों कि शहर के लोग तारीफ करेंए न कि शिकायतें। शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों की योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी, अपर आयुक्त शिशिर गेमावत, उपसंचालक नीलेश दुब, प्रमुख



अभियंता नगरीय विकास एवं आवास, निगमायुक्त तपस्या परिहार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त परिहार ने बताया कि एएचपी घटक के तहत प्रेमनगर खिरहनी बस्ती में 1444 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं, जिसमें 1412 लोगों का पंजीयन किया जाकर 733 लोगों को अब तक अधिपत्य भी प्रदान किया जा चुका है। शेष पर कार्यवाही प्रगतिरत है। इस दौरान एएचपी घटक के तहत बिलहरी मोड़ झिझरी फेस-2 में निर्माणाधीन भवनों के संबंध में जानकारी दिए जाने पर अपर मुख्य सचिव द्वारा शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराकर पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिलाने कहा गया। उन्होंने अमृत योजना 1.0 के तहत सीवरेज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोजेक्ट तथा अमृत 2.0 वाटर बॉडी रिज्युविनेशन एवं वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, पाइपलाइन विस्तार एवं सीवर प्रोजेक्ट की भी विस्तार से समीक्षा कर समयावधि में कार्य पूर्ण करने कहा गया। सीवर लाइन प्रोजेक्ट पर नाराजगी व्यक्त की। इस बार यदि जो समय सीमा दे रहे हैं उसपर ही काम होए नहीं तो ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी। सीवर नेटवर्क नहीं चालू होगा तो स्वच्छता रैंकिंग भी प्रभावित होगी।

**उपयंत्री की लापरवाही, हुई कार्रवाई** - अपर मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंचना विकास योजना के तहत कटाएघाट में हनुमान मंदिर से कटाएघाट मोड़ तक रिवर फ्रंट के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। कटायेघाट रिवर फ्रंट में गुणवत्ता से खिलवाड़ पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने थर्ड पार्टी से निरीक्षण किया थाए पिचिंग सही न होने पर एडवाइज दी थी, उसकी आपत्तियां क्यों नहीं ली गई। आपत्तियां लेने के बाद ही काम करने कहा गया था। इस पर इंजीनियरों पर कार्रवाई प्रस्तावित करने कहा। आयुक्त को पूरी मामले की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही करने तथा कार्य की मॉनिटरिंग नहीं करने पर नगर निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोताही बरतने वाले कर्मियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए।

# टी-20 वर्ल्ड कप : भारत की धमाकेदार शुरुआत

## यूएसए को 29 रन से हराया; कप्तान सूर्या की फिफ्टी, सिराज को 3 विकेट

मुम्बई (वार्ता)।

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में यूएसए को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम इंडिया के शुरुआती 4 विकेट महज 46 रन पर गिर गए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर 84 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए यूएसए की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। कप्तान सूर्यकुमार




यादव (नाबाद84) की अर्धशतकीय, तिलक वर्मा (25) और इशान किशन (20) की संघर्षपूर्ण पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को टी-20 विश्वकप 2026 के तीसरे मुकाबले में अमेरिका को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अभिषेक शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और इशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 37 रनों की साझेदारी हुई। छठें ओवर में शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट झटक कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इशान किशन (20), तिलक वर्मा (25) और शिवम दुबे (शून्य), हार्दिक पंड्या (पांच) रन पर आउट हुई। 77 रन पर छह विकेट गंवाने पर संकट में फंसी भारतीय टीम को अक्षर पटेल ने सूर्यकुमार यादव के साथ संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। 17वें ओवर में हरमित सिंह ने अक्षर पटेल (14) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अर्शदीप सिंह (चार) और वरूण चक्रवर्ती (शून्य) पर आउट हुये, हालांकि इस दौरान सूर्यकुमार यादव एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 84रनों की पारी खेली। अमेरिका के लिए शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट लिये। हरमित सिंह को दो विकेट मिले। अली खान और मोहम्मद मोहसिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35 रनों से हराया

शिमरॉन हेटमायर (64) और ब्रैंडन किंग (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रोमारियो शेफर्ड (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड को 35 रनों से शिकस्त दी। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। माइकल जोंस (एक), ब्रैंडन मक्मलेन (14) और जॉर्ज मंसी (19) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस की जोड़ी ने पारी को संभाला।



## बीसीसीआई ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिये 7.5 करोड़ रूपये

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा, भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है... हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है।

### आईसीसी,पीसीबी ने बातचीत शुरू की

**दुबई (वार्ता)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी ) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 15 फरवरी के गतिरोध पर बातचीत शुरू कर दी है, जब पीसीबी ने फोर्स मेज्योर (एफएम) क्लॉज लागू किया। टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ घंटे पहले, माना जा रहा है कि दोनों पक्ष कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच बड़े मुकाबले पर चर्चा करने पर सहमत हो गए हैं।



## ए प्लस से बी वर्ग में खिसके रोहित शर्मा और विराट कोहली

**मुंबई, (वार्ता)** टेस्ट और टी 20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है

### पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची

**ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा।

**बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज, रिषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

## डेविस कप के पहले मैच में नागल डेन ओडेन से हारे, नीदरलैंड्स 1-0 से आगे

**बेंगलुरु (वार्ता)** भारत का डेविस कप 2026 अभियान एक चुनौतीपूर्ण नोट पर शुरू हुआ, क्योंकि सुमित नागल शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में पहले राउंड के टाई के शुरुआती सिंगल्स मैच में नीदरलैंड्स के डेन ओडेन से हार गए। डेन ओडेन ने 6-0, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की, जिससे नीदरलैंड्स को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त मिली, लेकिन मुकाबला स्कोरलाइन से कहीं ज़्यादा पेचीदा था। भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाड़ी नागल पहले सेट में अपनी लय नहीं पकड़ पाए।



डेन ओडेन आक्रामक इरादे से उतरे, बेसलाइन से खेल को कंट्रोल किया, अपने स्पिन में बदलाव किया, और लगातार गहरे, सटीक शॉट लगाए जिससे भारतीय खिलाड़ी से गलतियाँ हुईं। बार-बार सर्विस ब्रेक करते हुए, डच खिलाड़ी ने पहला सेट 6-0 से जीत लिया, जिससे नागल बैकफुट पर आ गए और उनके मानसिक संतुलन की परीक्षा हुई। स्थानीय दर्शक शोर मचा रहे थे, लेकिन डेन ओडेन ने उस एनर्जी को बिना खुद पर हावी होने दिए सोख लिया। दूसरा सेट लचीलेपन और रणनीतिक बदलाव का उदाहरण था। नागल ने खुद को संभाला, अपनी पहली सर्विस को बेहतर किया, और गेंद को जल्दी लेना शुरू किया, जिससे डेन ओडेन को लंबी रैलियों में जाना पड़ा। भारत के टॉप सीड खिलाड़ी ने अहम मौकों का फायदा उठाया, ब्रेक पॉइंट को भुनाया और पॉइंट बनाने में धैर्य दिखाया। सेट में उतार-चढ़ाव आया, क्योंकि नागल ने इसे 6-4 से जीत लिया, जिससे उनकी लड़ने की भावना और दबाव में जवाब देने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ, जो प्रतिस्पर्धी डेविस कप टेनिस की पहचान है। निर्णायक तीसरा सेट नर्व्स, स्टेमिना और रणनीति की लड़ाई में बदल गया। डेन ओडेन ने फिर से कंट्रोल हासिल किया, नागल की सर्विस को जल्दी ब्रेक किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी, और एक समय 3-4 तक लड़ाई की। आखिरकार, डच खिलाड़ी की आक्रामकता, निरंतरता और मानसिक संतुलन के मेल ने उन्हें सेट 6-3 से जीतने में मदद की। मैच ने इस बात पर ज़ोर दिया कि डेविस कप मुकाबले सिर्फ़ स्किल से नहीं, बल्कि धैर्य, रणनीति और ज़्यादा दबाव वाले पलों को संभालने की क्षमता से जीते जाते हैं।



## चोटिल मलिंगा की जगह मदुशन को श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया

**कोलंबो (वार्ता)।** प्रमोद मदुशन को इशान मालिंगा की जगह श्रीलंका की टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के ख़िलाफ इसी महीने घरेलू सीरीज के दूसरे टी20 में मलिंगा के कंधे पर चोट लगी थी। उस मैच को बारिश के कारण रोकना पड़ा था। उसके बाद जैसे ही मैच फिर से शुरू हुआ, पहले ही ओवर में फ़ॉलो थ्रू के दौरान मलिंगा को वह चोट लग गई। इसके बाद वह तीसरे टी20 में भी नहीं खेल पाए। 2025 के आईपीएल में मलिंगा ने कमाल की गेंदबाज़ी की थी। उसी कारण उन्हें राष्ट्रीय टीम में भी तरक्की मिली। उन्होंने पिछले साल नवंबर में श्रीलंका के लिए टी20 में डेब्यू किया था। अब तक उन्होंने कुल आठ टी20 मैच खेले हैं और 9.41 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए हैं। उनकी जगह पर टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर मदुशन को शामिल किया गया और उन्होंने भी आठ ही मैच खेले हैं। मदुशन ने 2022 में डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आख़िरी टी20 मैच 2023 में खेला था। अपने आठ मैचों में उन्होंने 8.63 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट झटके हैं। श्रीलंका आठ फ़रवरी को कोलंबो में आयरलैंड के ख़िलाफ़ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा।

## सीमेंट ढुलाई बढ़ाने के उपायों के सकारात्मक नतीजे आने शुरू : रेलवे

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय रेल ने कहा है कि थोक सीमेंट परिवहन को लेकर रेलवे की ओर से किये गये सुधारों, टैंक कंटेनर के इस्तेमाल और शुल्क में रियायत जैसे उपायों के सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। रेलवे ने सीमेंट की लदान की सीमा बढ़ाने, रेल आधारित आवाजाही को बढ़ावा देने और सकल टन-किलोमीटर (जीटीकेएम) आधार पर शुल्क में कटौती जैसे उपाय किये हैं। रेलवे ने हाल ही में जीटीकेएम आधार पर चार्जिंग को 90 पैसे से घटाकर 85 पैसे प्रति टन प्रति किलोमीटर किया था। रेलवे की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन पहलों के बाद कई सीमेंट कंपनियों ने टैंक



कंटेनरों में थोक सीमेंट भेजने के लिए कॉनकॉर से संपर्क किया है। सीमेंट की थोक खेप संभालने और भंडारण के लिए कॉनकॉर अपने टर्मिनलों में साइलो स्थापित करने की सुविधा भी प्रदान कर रहा है।

रेलवे के अनुसार जीटीकेएम आधार पर मूल टर्मिनल पर खाली वापसी के लिए छूट के साथ-साथ टैंक कंटेनरों में थोक सीमेंट की लदान की सुविधा के कारण रेल आवाजाही सड़क की तुलना में काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो रही है। रेलवे टैंक कंटेनरों में थोक सीमेंट के परिवहन के लिए दूरी स्लैब के अनुसार प्रति बीस-फुट समकक्ष इकाई (टीईयू) आधार पर शुल्क ले रहा था, जिसमें वापसी के समय टैंक कंटेनरों के खाली रहने पर श्रेणीबद्ध तरीके से छूट दी जाती थी। यह छूट पहले वर्ष में 50 प्रतिशत, दूसरे वर्ष में 40 प्रतिशत, तीसरे वर्ष में 30 प्रतिशत, चौथे वर्ष में 20 प्रतिशत और पांचवें वर्ष में 10 प्रतिशत रखने की व्यवस्था थी। छठे वर्ष से छूट को पूरी तरह समाप्त किया जाना था।

रेलवे के अनुसार यह शुल्क प्रणाली सीमेंट उत्पादकों को आकर्षित नहीं कर पायी थी। टैंक कंटेनरों में थोक सीमेंट के रेल आधारित परिवहन को बढ़ावा देने और लदान बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे ने दरों में सुधार किये हैं।

## चावल, दालें सस्ती-गेहूं मजबूत, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गये। वहीं, खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## एसबीआई को तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा

**मुंबई (वार्ता)।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में एकल आधार पर 21,028 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो किसी भी तिमाही का रिकॉर्ड है। बैंक के निदेशकमंडल की शनिवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसमें बताया गया है कि तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई।




पिछले वित्त वर्ष में समान तिमाही में उसे 16,891 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसका कुल कारोबार 103 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। कुल जमा 57 लाख करोड़ रुपये और कुल ऋण 46 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। छोटे तथा मझौले उद्यमों को दिये गये ऋण का आंकड़ा छह लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। तिमाही के दौरान ब्याज से बैंक की आमदनी 4.37 प्रतिशत बढ़कर 1,22,556 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी। वहीं, उसने जमा पर ब्याज के मद में 77,365 करोड़ रुपये खर्च किये। इस प्रकार ब्याज से उसकी शुद्ध आमदनी 9.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 45,191 करोड़ रुपये रही। एसबीआई ने दिये ऋण पर नुकसान के लिए तिमाही के दौरान 3,216 करोड़ रुपये का प्रावधान किया।

## अंतरिम व्यापार समझौते से निर्यातकों के लिए खुलेगा अमेरिकी बाजार: उद्योग संगठन



**नयी दिल्ली (वार्ता)** विभिन्न उद्योग संगठनों ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को निर्यातकों के हित में बताते हुए कहा कि इससे उनके लिए अमेरिकी बाजार के द्वार और खुल जायेंगे। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि यह अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिकाङ्कभारत व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। यह दोनों देशों के निर्यातकों के लिए बाजार तक पहुंच का विस्तार करेगा और एक स्थिर एवं व्यापक व्यापार ढांचा प्रदान करेगा। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते पर साझा बयान जारी किये जिसमें यह बताया गया है कि किन वस्तुओं को परस्पर शुल्कों की दरों में कितना बदलाव किया गया है।

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोडे ने कहा कि रत्न और हीरों पर अमेरिका में आयात शुल्क शून्य हो जाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में अभूतपूर्व पहुंच प्राप्त हुई है। इससे भारतीय निर्यातकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी, मुनाफे का अनुपात बढ़ेगा और यह सुनिश्चित होगा कि भारतीय कारीगरों का काम अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक उचित कीमतों पर पहुंचे। व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारतीय रत्नों और हीरों पर अपने यहां आयात शुल्क शून्य करेगा। हालांकि तैयार गहनों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा।

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने रत्नों और हीरों को आयात शुल्क-मुक्त किये जाने को बदलावकारी कदम बताया, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए। उन्होंने कहा कि छोटे तथा मध्यम उद्यमों और पारिवारिक कारोबारियों को अब अमेरिकी बाजार में समान शर्तों पर प्रवेश मिलेगा, जिससे निर्यात बढ़ेगा, राजस्व मजबूत होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश की हित-जरूरत की दृष्टि से न्यायोचित और संतुलित : पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली (वार्ता)** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को एक बहुत बेहतरीन करार बताते हुए कहा कि इसे देश के हितों और जरूरतों को ध्यान में रखकर नपे-तुले अंदाज में किया गया है। उन्होंने कहा कि यह 175 करोड़ लोगों के दो बाजारों के बीच का समझौता है। भारत और अमेरिका आर्थिक रूप से एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों देशों में श्रम की लागत या प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय लगभग 90,000 डॉलर है जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग 3,000 डॉलर है, जो आर्थिक पूरकता को दर्शाती है। श्री गोयल ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर संयुक्त वक्तव्य की घोषणा के बाद शनिवार को यहां आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका ने भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए भारतीय माल पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। ...कुछ वस्तुओं पर अमेरिका में शुल्क शून्य हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि भारत के 13 अरब डॉलर के जेनेरिक फार्मा निर्यात को पहले की तरह अमेरिका में शून्य शुल्क दर पर प्रवेश जारी रहेगा। स्मार्ट फोन पर भी पहले की तरह शून्य शुल्क बना रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे चलकर ढेर सारी वस्तुओं और बहुत से कृषि उत्पादों पर अमेरिका में लगा जवाबी (प्रत्यानुवर्ती शुल्क) शून्य हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में शुल्क की 18 प्रतिशत की दर हमारे पड़ोसियों और प्रतिस्पर्धी देशों से कम है।



वाणिज्य मंत्री ने इसी संदर्भ में अमेरिका में चीन पर 35 प्रतिशत, वियतनाम पर 35 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत की दर से लागू शुल्कों का उल्लेख किया। पिछले साल अगस्त से भारतीय सामानों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत की दर से शुल्क लगा हुआ था। उल्लेखनीय है कि कपड़ा एवं परिधानों, होम डिकोर, चमड़ा, मछली-झींगा, कृषि उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा मशीनरी के निर्यात कारोबार में ये देश भारत को टक्कर देते हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा, खुशी की बात है कि कई सारे कृषि उत्पाद अब अमेरिका में शून्य शुल्क पर जायेंगे। उन्होंने समझौते के बारे में विपक्ष की आलोचनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, कुछ लोग जो भारत के किसानों की भलाई नहीं चाहते, जो उन्हें गुमराह करते रहते हैं, उन्हें हैरानी है कि कई कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क हासिल करने के बावजूद हमने कृषि उत्पादों पर कोई छूट नहीं दी। उन्होंने कहा, मैं डंके की चोट पर कह सकता हूं कि यह करार भारत के किसानों, एमएसएमई और हमारे दस्तकारी क्षेत्र को नुकसान नहीं करता है। उन्होंने कहा कि इस करार से कारीगरों, विश्वकर्मा वस्त्र क्षेत्र, चमड़ा, खेल के सामानों जैसे बहुत से उत्पादों को अमेरिका में कम शुल्क पर निर्यात का मौका मिलेगा। उन्होंने समझौते को संतुलित और न्यायोचित बताते हुए कहा, इस समझौते से हमारे किसानी क्षेत्र को बचते हुए कारोबार और आर्थिक हितों को प्रोत्साहित करने का दोहरा उद्देश्य पूरा हुआ है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार प्रकट किया जिन्होंने फरवरी 2025 में द्विपक्षीय समझौते के लिए बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया था। श्री गोयल ने कहा कि स्टील, एल्यूमीनियम और तांबे पर अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर जो ऊंचा शुल्क लगा रखा है।

# राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में केन्द्र सरकार के साथ मिलकर करेंगे काम : डॉ. यादव

## केन्द्रीय कृषि मंत्रालय सहित देश के कई राज्यों के कृषि मंत्री हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की उपजाऊ धरती, समृद्ध जल संसाधन और अनुकूल जलवायु हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इकार्डा जैसे अंतर्राष्ट्री य अनुसंधान संस्थान का सशक्त होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। भारत में अन्न केवल उत्पादन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और संस्कार का आधार है अन्न देवो भव: हमारी कृषि परंपरा का मूल मंत्र है। मध्यप्रदेश 'कृषक कल्याण वर्ष' मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'बीज से बाजार तक' किसान के साथ खड़ी सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 350 लाख टन तक पहुंचाना, आयात निर्भरता कम करना और किसानों की आय बढ़ाना है। इस मिशन किसानों को बेहतर बीज, आधुनिक भंडारण और सुनिश्चित विपणन की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दाल उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है, जिससे इस मिशन का सर्वाधिक लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र कृषि अनुसंधान केंद्र सीहोर के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण केंद्र तथा अत्याधुनिक प्लांट टिशु कल्चर प्रयोगशाला का



लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इकार्डा का यह नवीन भवन प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए नई आशाओं और संभावनाओं का द्वार खोलेगा। यह केंद्र वैज्ञानिक खेती, उन्नत तकनीक और वैश्विक कृषि अनुभव को किसानों से जोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।

### सिंचाई विस्तार और जल संरक्षण पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंचाई विस्तार और जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इकार्डा द्वारा विकसित वैज्ञानिक मॉडल प्रदेश की योजनाओं को मजबूत आधार प्रदान करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय और इकार्डा का यह संयुक्त प्रयास मध्यप्रदेश को टिकाऊ और समृद्ध कृषि का राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक मॉडल बना सकता है। उन्होंने कहा कि सीहोर का यह राष्ट्रीय सम्मेलन दलहन क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, मूल संवेदनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर गहन विमर्श का सशक्त मंच बनेगा और नीति निर्धारण व अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय कृषि मंत्रालय एवं इकार्डा की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह अनुसंधान केंद्र प्रदेश की कृषि को नई दिशा देगा और किसानों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

### मध्यप्रदेश भारत का फूड बॉस्केट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश भारत का फूड बॉस्केट है। भारतीय संस्कृति में अन्न देवता के माध्यम से समाज पल्लवित होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास और कल्याण के लिए 4 श्रेणियां गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण बताई हैं। हमारी भारतीय सभ्यता में कृषि आधारित जीवन शैली विकसित हुई। आधुनिक समय में खेती में कई प्रकार के विकार आ गए। खेती में रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से हमारी जीवन शैली में बदलाव आया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा। अमेरिका जैसे देश ने भारत की बात मानी।

### दलहन उत्पादन में अग्रणी है मध्यप्रदेश : चौहान

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अमेरिका और यूरोप के 27 देशों से हमारा समझौता हुआ है। उन्होंने अमेरिका के साथ कृषि समझौते में किसानों के हितों की रक्षा की गई है। सीहोर का शरबती गेहूं दुनिया में धूम मचाएगा। देश के बासमती चावल और मसालों को 18 प्रतिशत टैरिफ से लाभ मिलेगा। टेक्सटाइल निर्यात बढ़ने से कपास उत्पादक किसानों को फायदा होगा। देश को दलहन में आत्मनिर्भर बनाना है। देश में मूंग को छोड़कर अन्य दालों का उत्पादन घट गया। दाल हमें विदेश से आयात करना पड़े यह देश के हित में नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार को बधाई देते हुए कहा कि हमारा मध्यप्रदेश आज भी दलहन उत्पादन में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल गेहूं, सोयाबीन और धान ही नहीं उगाना चाहिए, बल्कि फसल चक्रण पर ध्यान देना चाहिए। देश में चना, मसूर और उड़द का उत्पादन बढ़ाना है। इकार्डा के माध्यम से दलहन फसलों के उन्नत बीज तैयार किए जाएंगे।

### कृषि वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ एंव किसान बंधु उपस्थित थे

राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री द्वय रामनाथ ठाकुर एवं भागीरथ चौधरी, प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, राज्यों के कृषि मंत्रियों में ओडिशा के उप-मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री केवी सिंहदेव, उत्तरप्रदेश से सूर्य प्रताप शाही, हरियाणा से श्याम सिंह राणा, गुजरात से रमेशभाई भूराभाई कटारा, छत्तीसगढ़ से रामविचार नेताम, महाराष्ट्र से आशीष जायसवाल, राजस्थान से डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, बिहार से रामकृपाल यादव, इकार्डा के निदेशक शिवकुमार अग्रवाल, केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के निदेशक अविनाश लवानिया, कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।



# प्रदेश कांग्रेस की बैठक में आगामी रणनीति को लेकर हुआ मंथन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय स्थित कनेक्ट सेंटर, इंदिरा भवन, भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। इस अवसर पर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कनेक्ट सेंटर के माध्यम से संगठनात्मक संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। इसके उपरांत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, ग्राम पंचायत एवं वार्ड समितियों के गठन की रूपरेखा तय करने, तथा आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को समयबद्ध रूप से लागू करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठकों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी , राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी चंदन यादव , पूर्व मंत्री एवं सज्जन सिंह वर्मा , प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले , कनेक्ट सेंटर प्रभारी राजीव सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी ने संगठन को बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर तक मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं को जनता से सीधे जोड़ने तथा तय संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

# एनपीडीडी योजना अंतर्गत दुग्ध सहकारी समितियों हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर के द्वारा एनपीडीडी योजना अंतर्गत गठित दुग्ध सहकारी समितियों के दुग्ध प्रदायक कृषकों का का 1 दिवसीय कृषक जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन कार्यालय जिला सहकारी केंदीय बैंक के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया जिसमें संजय अहिरवार प्रभारी क्षेत्र संचालन बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ सागर ने अपने उद्बोधन में एनपीडीडी योजना से संबंधित जानकारीएदुग्ध समितियों को बढ़ावा देने व दुग्ध समितियां गठित करने की प्रक्रिया से संबंधित एवं दुग्ध समितियों से कैसे आय को दुगना करें एवं रोजगार के अवसर स्थापित करने हेतु व्याख्यान दिया। संजीव कुमार दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी संघ दमोह ने दुग्ध सहकारी समितियां में सहकारिता की भूमिका व मध्य प्रदेश सहकारिता नीति पर अपना व्याख्यान दिया।

# सफलता के लिए अनुशासन और मेहनत जरूरी : पटेल

## परीक्षा पर चर्चा में बोलीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पटेल

### एमएलबी विद्यालय दमोह में महिला शक्ति की उपस्थिति में

### जिला स्तरीय परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** परीक्षा पर चर्चा का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले की महिला शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन एमएलबी विद्यालय दमोह में संपन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ.. मंजू धर्मेंद्र कटारे ने कीए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत दमोह की अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर उपस्थित



रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आयोजन का प्रयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह परीक्षा पर चर्चा का 9वां संस्करण है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्त कर उन्हें सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी एवं एपीसी मोहन राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे ने रोचक शैली में छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ परीक्षा की तैयारी करने की प्रेरणा दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, अथक मेहनत और निरंतर परिश्रम आवश्यक है जो विद्यार्थी जीवन की मजबूत नींव बनता है। कार्यक्रम में रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा बोर्ड परीक्षा की छात्राओं के सम्मान में प्रेरक गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में युवा नाट्य मंच के अध्यक्ष एवं रंगकर्मी राजीव अयाची ने कला कौशल, करियर विकल्पों एवं परीक्षा में समय प्रबंधन विषय पर प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने कहा कि करियर के क्षेत्र असीमित हैं और विद्यार्थियों की उड़ान भी असीमित हो सकती है।

कार्यक्रम में 1000 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं। जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम का संचालन श्रुति राजपूत एवं सपना जैन ने किया जबकि आभार प्रदर्शन आरबी सिंह एवं डीपी सेन द्वारा किया गया।

# नोहलेश्वर महोत्सव सेवा और संस्कृति का संगम : राज्यमंत्री लोधी

## नोहलेश्वर महोत्सव में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के प्रथम दिवस हजारों मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह नेतृत्व में 5 से 15 फरवरी तक आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कृष्णभाव फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के सौजन्य एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग से पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल द्वारा आयोजित शिविर में पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की गहन जांच की गई। इस दौरान सामान्य रोगों के साथ-साथ हृदय रोग, मधुमेह, नेत्र रोग, हड्डी रोग, महिला एवं बाल रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर मरीजों को उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।

राज्यमंत्री लोधी ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ शिविर स्थल पर पहुंचकर



मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जांच के दौरान जिन मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई, उन्हें बेहतर उपचार हेतु नि:शुल्क वाहन सुविधा के माध्यम से भोपाल रेफर किए जाने की समुचित व्यवस्था भी की गई। उन्होंने कहा नोहलेश्वर महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा की सच्ची भावना का प्रतीक है। ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को समय पर जांच, उपचार एवं परामर्श मिल रहा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम है।

राज्यमंत्री लोधी ने आगे कहा नोहलेश्वर मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं बल्कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर भी है। नोहलेश्वर महोत्सव के माध्यम से हम अपनी बुंदेली संस्कृति, लोककला और परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारी लोकसंस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नोहलेश्वर महोत्सव सेवा और संस्कृति का संगम है। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा मप्र सकार संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नोहटा जैसे ऐतिहासिक स्थल को सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़कर हम स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आने वाले समय में नोहलेश्वर महोत्सव को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा।

# 10 दिवसीय महारूद्र महायज्ञ प्रारंभ



**हटा (स्वतंत्र मत)।** उपकाशी हटा में पहली बार देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित 10 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारूद्र महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित मथुरा प्रसाद शुक्ल के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर 28 कुंडीय यज्ञशाला में 71 यजमानों द्वारा आहुति देकर महायज्ञ का गणेश हुआ। योगाचार्य वाराणसी के विख्यात पंडित मथुरा प्रसाद जी शास्त्री ने बताया कि महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह विधिविधान के साथ सभी देवी देवताओं का आवाह्न कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर किया गया। यह यज्ञ 11 महारुद्र यज्ञ के बराबर है जो अतिरुद्र यज्ञ के नाम से शास्त्रों में उललेखित है जिसमें प्रथम दिवस 71 यजमानों द्वारा आहुतियां दी गई। यज्ञाचार्य श्री शुक्ल ने बताया कि प्रथम दिवस 2 लाख 19 हजार 231आहुतियां दी गई जिसमें यज्ञ के समापन तक 4 लाख 11 हजार 541 आहूति के साथ यज्ञ का समापन होगा। महारूद्र यज्ञ में रोजाना नये यजमान द्वारा यज्ञ में सम्मिलित होकर आहुतियां की जावेगी।

# मुख्यमंत्री सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 फरवरी को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्री लंका पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था। शहडोल जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है। दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 08 फरवरी को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,



जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं।

### इन कार्यों का होगा भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 134 करोड़ की लागत वाले 60 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में जनजातीय कार्य विभाग के 27 कार्य लागत 33 करोड़, नगरीय प्रशासन विभाग के 02 कार्य लागत 28 करोड़, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 05 कार्य लागत 25 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के 05 कार्य लागत 20 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन पीआईयू, के 02 कार्य लागत 10.74 करोड़, मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के 02 कार्य लागत 07 करोड़ 77 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 12 कार्य लागत 4 करोड़ 78 लाख, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 02 कार्य लागत 2करोड़ 39 लाख तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 03 कार्य लागत 1.5 करोड़ की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क का लोकार्पण करेंगे। वॉटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है। स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में वनाधिकार पट्टों का वितरण, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट, स्पांसरशिप योजना का लाभ तथा श्रम विभाग द्वारा दुर्घटना, मृत्यु एवं, सामान्य मृत्यु के हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।

# प्रदेश में जल संरक्षण और सिंचाई विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: चौहान

### आलीराजपुर के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-2 का किया भूमिपूजन

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मंत्री श्री चौहान आलीराजपुर जिले के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री चौहान ने ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के का भूमिपूजन किया। परियोजना की लागत 471.03 लाख रुपये है। इस परियोजना से ग्राम मोरासा के 324 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा।इस परियोजना से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए



पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बैराज के निर्माण से आसपास के क्षेत्रों के कुएं, तालाब और बोरिंग का जलस्तर बेहतर होगा। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और किसान वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने फाटा परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद अब किसान ग्रीष्म ऋतु में भी फसल ले पा रहे हैं, जबकि पूर्व में खेती केवल बरसात तक सीमित रहती थी। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं और लखपति दीदी के रूप में पहचान बना रही हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में दी जा रही है। वहीं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए गरीब और पात्र परिवारों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

मंत्री श्री चौहान ने युवाओं से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रोजगार प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही जो युवा औपचारिक शिक्षा पूरी नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें खेती के साथ वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर मैकेनिक, वेल्डिंग, कियोस्क संचालन, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कार्यों के माध्यम से जिले में ही रोजगार के अवसर सृजित करने पर उन्होंने विशेष जोर दिया। किसानों से खेती के साथ पशुपालन और बकरी पालन अपनाकर आय बढ़ाने की भी अपील की।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

## //निविदा सूचना//

क्रमांक-903/ई-टेंडर/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 06-02-2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **2026_UAD_480866_1 06.02.2026 (2ndcall) 901/06.2.2026** | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक-03 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 15 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य। | 6 माह रु. 40.81 लाख | रु. 5000.00 रु. 30608.00 | 23/02/2026 18.00 बजे तक |
| 02 | **2026_UAD_480870_1 06.02.2026 (2ndcall) 902/06.2.2026** | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक-04 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 07 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य। | 6 माह रु. 19.05 लाख | रु. 2000.00 रु. 14288.00 | 23/02/2026 18.00 बजे तक |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (SBM)**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

# होटल, बैंक और अस्पताल आवागमन कर रहे बदहाल

## अनियोजित पार्किंग के कारण रोजाना बन रही ट्रैफिक जाम की स्थिति



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर के प्रमुख बाजारों जैसे लार्डगंज, गुरंदी, फुहारा, गोलबाजार, सिविक सेंटर और बस स्टैंड क्षेत्रों में पार्किंग सुविधाओं के अभाव के कारण सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर स्थित बैंक, होटल, अस्पताल आदि के सामने भी लोग सड़कों पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे कई बार जाम की गंभीर स्थिति बन जाती है। शहर की बढ़ती आबादी और गाड़ियों की संख्या ने इस समस्या को विकराल बना दिया है, जिससे नागरिकों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। हालांकि, कुछ होटल और अस्पताल ने खुद का पार्किंग बना रखा है लेकिन लोग अक्सर सड़क के किनारे ही मनमाने तौर पर वाहन खड़ा कर देते हैं।

दरअसल, शहर के प्रमुख बाजारों में निर्धारित पार्किंग स्थल न होने से लोग मुख्य मार्गों पर ही गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं। ताज्जुब की बात तो यह है कि वर्ष 2014 में शहर के करीब 50 स्थानों पर 'पेड पार्किंग' चिन्हित की गई थी, नगर निगम द्वारा कुछ क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाकर अवैध पार्किंग को साफ करने के प्रयास भी किए गए। इसके बावजूद 'पेड पार्किंग' की योजना को 12 साल बाद भी पूर्ण रूप से अमल में नहीं लाया जा सका है। परिणामस्वरूप शहर के मुख्य मार्गों में अनियोजित पार्किंग के कारण ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। नियमित रूप से नो-पार्किंग जोन में खड़े हो रहे वाहनों के कारण पुलिस को भी यातायात प्रबंधन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### रोजाना प्रभावित हो रहा यातायात

शहर के कई इलाके शाम ढलते ही अघोषित चौपाटी में तब्दील हो जाते हैं, सड़क के किनारे फूड कॉर्नर सज जाते हैं, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन फूड कॉर्नरों की आड़ में नशा करने वालों और असामाजिक तत्वों का भी जमघट लगता है। इसके साथ ही मुख्य सड़क पर यातायात भी प्रभावित होता है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर से बंदरिया तिराहे से कटंगा की ओर आने वाले मार्ग के हालात कुछ ऐसे ही हो गए हैं। शाम ढलते ही यहां सड़क किनारे फूड स्टॉल सज जाते हैं, इन कॉर्नरों के सामने लोगों के वाहन खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि कुछ समय पहले निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने एनएमटी को कब्जा मुक्त करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। बंदरिया तिराहे से कटंगा के बीच सड़क पर वैसे ही ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। अक्सर शाम के समय सड़क किनारे और एनएमटी पर लगने वाले फूड कॉर्नर व गुमटियां राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। सड़क पर वाहनों की कतार लगने से जाम लगता है। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### आधी सड़क तक वाहनों की पार्किंग



सड़क के किनारे फूड कॉर्नर लग जाने से उसमें आने वाले लोगों के वाहन आधी सड़क तक पार्क हो जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और वहां से वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो जाम की स्थितियां भी बन जाती हैं। लोगों का कहना है कि यत्र-तत्र सड़क के किनारे फूड कॉर्नर लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती। नगर निगम का अमला दिन के वक्त तो अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई करता है, लेकिन शाम के समय लगने वाले फूड कॉर्नर और दुकानों को हटाने के लिए कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसी वजह से जाम की स्थितियां बढ़ती जा रही हैं।

## 5.19 लाख का गांजा सहित आरोपी पकड़ाया

जबलपुर

क्राइम ब्रांच की टीम ने गोरखपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए नयागांव जंगल रोड से एक तस्कर को दस किलों 380 ग्राम गांजे के साथ दबोचा है। जिसकी कीमत पांच लाख बीस उन्नीस हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर पुलिस के साथ मिलकर नयागांव जंगल रोड में दबिश दी। जहां एक युवक दो पिट्ठू बैग लिये हुए दिखा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम आदित्य उर्फ आदी विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी सिंधी केम्प भवानी चौक थाना हनुमानताल बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से 210 रुपये की नगदी व दोनों बैगों से 10 गांजे के पैकेट बरामद किये, जो कि तौल करने पर कुल 10 किलों 380 ग्राम गांजा कीमती लगभग 5 लाख 19 हजार रूपये का होना पाया गया।




## फार्मेसी छात्रों को दी गई साक्षात्कार की तैयारी एवं पेशेवर दृष्टिकोण की जानकारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जबलपुर के उद्यमिता क्लब एवं करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए 'फार्मा सेल्स करियर: एमआर-शिप, संभावनाएँ एवं प्लेसमेंट तैयारी' विषय पर एक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन 6 फरवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष एच. एस. ओबेरॉय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवगोपाल शुक्ला, न्यूट्रिशन एक्जीक्यूटिव, नेस्ले इंडिया लिमिटेड (पूर्व में सन फार्मास्यूटिकल्स) रहे। उन्होंने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करते हुए फार्मा सेल्स क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की भूमिका, कार्यदायित्वों तथा इस क्षेत्र में सफलता हेतु आवश्यक कौशलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने फार्मा सेल्स में करियर की संभावनाओं, पदोन्नति के अवसरों, उद्योग की अपेक्षाओं, संप्रेषण कौशल, साक्षात्कार की तैयारी एवं पेशेवर दृष्टिकोण के महत्व को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान वक्ता द्वारा सहज एवं मार्गदर्शक ढंग से किया गया। कार्यक्रम के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को फार्मा सेल्स एवं एमआर-शिप के क्षेत्र में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई तथा प्लेसमेंट तैयारी और पेशेवर कौशलों के प्रति उनकी समझ में वृद्धि हुई। कार्यक्रम का समापन अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

### आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योग आधारित समझ एवं आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों को करियर चयन में स्पष्ट दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन शिरीष तिवारी द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण आयोजन का समन्वय ज्ञानेंद्र साकेत द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## संस्कारधानी बने पर्यटन की राजधानी

### फिनिक्स ग्रुप के चेयरमैन सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया ने पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर का किया विमोचन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के संस्थापक ठा. दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था पृथ्वीराज चैद्यहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन सुप्रसिद्ध उद्योगपति फिनिक्स ग्रुप के चेयरमैन सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया जी के करकमलों के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया, व संस्था द्वारा किए जा रहे जनहितकारी सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई, व जबलपुर के पर्यटन स्थलों के विकास हेतु चर्चा की गई। श्री कालिया ने कहा कि जबलपुर में अनेक पर्यटन स्थल मौजूद हैं, यदि इन्हें सही तरीके से विकसित किया जाये तो जबलपुर निश्चित ही मध्यप्रदेश की पर्यटन राजधानी बनने अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान देश की शान हैं। उनके राष्ट्रप्रेम, त्याग, बलिदान, स्वाभिमान को जीवन में उतारने की प्रेरणा मिलती है। पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर विमोचन समारोह में प्रमुख अतिथि सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया, वरिष्ठ समाजसेवी व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कांडा, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि व वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र चौधरी, पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के संस्थापक ठा. दीपक सिंह राजपूत, युवा सचिव अनुज सिंह ठाकुर, एडवोकेट धीरज सिंह ठाकुर, पिंकी ठाकुर, नरेश चिन्टू राजपूत, शशांक यादव, प्रवीण सिंह बैस, मनीष ठाकुर, जीएस राजपूत, राजेश भाई पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक व सामाजिक कार्याकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एक सप्ताह में 100 से अधिक जिला बदर के प्रकरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु ऐसे अपराधी जो लगातार अपराधों में संलिप्त हैं अथवा जिनके द्वारा भविष्य में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की प्रबल संभावना है, उनके विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 पल्लवी शुक्ला के निर्देशन में सभी नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना शहर/देहात से एक सप्ताह में 100 से अधिक आदतन अपराधियों का जिला बदर प्रकरण तैयार किये गये जिनमें सबसे अधिक कार्यवाही थाना अधारताल, बेलबाग, माढोताल, रांझी, गोरखपुर, तिलवारा, हनुमानताल, बरेला, पुलिस द्वारा की गयी है।

## शिक्षा के नाम पर लीज लेकर बना लिया अस्पताल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर नगर निगम की शैक्षणिक उपयोग के लिए दी गई लीज भूमि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने शहर की एक एजुकेशन सोसायटी के तत्कालीन चेयरमैन और तत्कालीन तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच में नगर निगम को करीब 3.50 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति होना सामने आया है। ईओडब्ल्यू जांच के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के तहत नगर निगम जबलपुर ने प्लॉट नंबर-440, डाइवर्जन शीट नंबर-152, कुल 7500 वर्गफुट भूमि को शैक्षणिक कार्य के लिए 30 वर्ष की लीज पर एक एजुकेशन सोसायटी को आवंटित किया था। लीज की शर्तों में स्पष्ट उल्लेख था कि भूमि का उपयोग केवल शिक्षा के लिए किया जाएगा। लेकिन उस पर अस्पताल का निर्माण कर लिये जाने पर उक्त कार्यवाही की गई है।

## कुशवाहा समाज का आदर्श विवाह कार्यक्रम 15 को

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संभागीय कुशवाहा समाज जबलपुर के मुख्यालय 'कुशवाहा धाम' श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर महान सम्राट अशोक चौक गौरीघाट में परंपरा अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 15 फरवरी दिन रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में अभिषेक, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके साथ-साथ समाज के अविवाहित युवक-युवतियों का आदर्श विवाह का भी आयोजन किया गया है। समाज के समस्त बन्धुओं से कार्यक्रम में उपस्थि रहकर धर्म एवं पुण्य लाभ अर्जित करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई है।

## तीन दिन का लक्ष्य...100 प्रतिशत परिणाम

### लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को लेकर विभाग प्रमुखों को निगमायुक्त के निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निगम के विभिन्न विभागों में लंबित सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और हेल्पलाइन के प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण करना ही निगम का मुख्य लक्ष्य है। निगमायुक्त ने समय-सीमा का ध्यान रखने पर जोर देते हुए कहा कि 10 फरवरी तक जिन प्रकरणों पर संतोषजनक निराकरण की कार्यवाही नहीं की जाएगी, उनके संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की आपसी समन्वय और टीम वर्क से ही समाधान की गति बढ़ेगी। कई बार एक शिकायत कई विभागों से जुड़ी होती है, ऐसे में आपसी संवाद से फाइल को जल्दी क्लियर किया जा सकता है। निगमायुक्त ने विशेष रूप से लोककर्म, स्वास्थ्य, भवन, कॉलोनी सेल, जल, फायर, स्थापना, राजस्व विभागों के प्रमुखों को लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बंद करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने आगामी तीन दिनों के भीतर सभी प्रकरणों का 100 प्रतिशत पूर्ण निराकरण करने का टारगेट दिया। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने 10 फरवरी तक सभी लंबित शिकायतों को बंद करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिकायतों को बेवजह दूसरे विभागों में ट्रांसफर करने या टालमटोल करने वाले कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे।

### सख्ती से करें बकाया करों की वसूली

नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कड़े तेवर अपना लिए हैं। आज समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि निगम के सभी विभागों को 'टीम वर्क' की भावना से काम करना होगा और निर्धारित 'लक्ष्य' को समय सीमा के भीतर हासिल करना होगा। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि बकाया करों की वसूली के लिए फील्ड में प्रतिदिन जाएँ और करदाताओं से सम्पर्क स्थापित करते हुए समस्त बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही मकानों एवं प्रतिष्ठानों की वास्तविक स्थितियों की जानकारी से डिमांड को अपडेट करते रहें।

## अंतर्राष्ट्रीय वर्तिका का वार्षिकोत्सव आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका का अखिल भारतीय वार्षिकोत्सव 08 फरवरी 2026 को अपरान्ह 4 बजे से आर्य समाज भवन नेपियर टाउन में आयोजित है। वर्तिका द्वारा प्रकाशित साझा गीत संग्रह वर्तिकायन, इन्दौर के शिवकुमार दुबे की कृति 'जीवन संग्राम', श्रीमती संध्या अग्रवाल की कृति 'नयी राहें' का विमोचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समारोह का आयोजन श्रीमद् जगतगुरू नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास महाराज के सानिध्य में होगा। मुख्य अतिथि उमाकांत शर्मा अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट काउसिंल होंगे जबकि अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक मनोध्या, विनय सक्सेना, उमेश पिल्लई, अशोक 'मिजाज' बद्र होंगे।












हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**